

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 13 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-166 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## मुख्यमंत्री ने ली पुलिस अधिकारियों की क्लास

### जिलाबदर कागज में नहीं हो, दुर्ग पुलिस के काम से नाराज



■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13सितंबर।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आईपीएस अफसरों की क्लास ली। राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में सीएम समीक्षा बैठक के बहाने प्रदेश में हो रही पुलिसिंग की नब्ज टटोली सुबह करीब दस बजे शुरू हुई सीएम की क्लास में सब से पहले बिलासपुर रेंज का आया और आईजी संजीव शुक्ला ने अपना प्रेजेंटेशन दिया। जिसके बाद सीएम ने कहा कि रेंज में अपराधों में कमी आई होगी लेकिन इससे संतोष करना नहीं है तो वही दुर्ग रेंज पुलिसिंग से सीएम ने नाराजगी जताई और ज्यादा मेहनत करने की सलाह देते हुए हत्या जैसे मामले में लेट लतीफी पर ये सही नहीं कहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर एसपी कांफ्रेंस के दूसरे दिन पुलिस अधिकारियों से चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि जिला बदर की कार्रवाई केवल कागजों पर ना हों बल्कि वास्तव में हो। सीएम साय ने नए क़ानूनों की जानकारी को बेहतर तरीक़े से स्वीकारने और प्रशिक्षण के ज़रिए लगातार अपडेट रहने के निर्देश भी दिए हैं।

### बिलासपुर रेंज को सराहा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर रेंज में अपराधों में आई कमी का जिक्र करते हुए सराहना की। लेकिन यह भी निर्देशित किया कि,अपराध के आँकड़े कम हैं यह अच्छी बात है लेकिन इसमें संतोष नहीं करना है। सीएम साय ने कहा -याद रखिए कि सरकार सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।जिला बदर और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और बढ़ाइए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव रेंज पुलिस को कहा कि रेंज में कुछ जगह अच्छे काम हुए हैं, त्रिनेत्र एप और चिटफंड मामलों में अच्छी कार्रवाई हुई है लेकिन सिर्फ इतना पर्याप्त नहीं है। अवैध शराब बिक्री की बहुत शिकायत है, पुलिस के संरक्षण के आरोप लगते है, ये बिलकुल नहीं होना चाहिए। अवैध शराब बिक्री पूरी तरह बंद होना चाहिए।

### गौ तस्करी और नशा पर कड़ी कार्रवाई करें

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, पुलिस ऐसा काम करे कि, सुशासन नागरिक को महसूस होना चाहिए। सीएम साय ने कलेक्टर और एसपी को टीम भावना से बेहतर आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा -गौ तस्करी और नशा बहुत बड़ी समस्या है। ऐसे मामलों में एंड टू एंड कार्रवाई सुनिश्चित करिए।

### दुर्ग रेंज से बोले सीएम साय- और मेहनत की जरूरत है

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग रेंज में हत्या और डकैती के मामले 6 महीनों में भी नहीं सुलझा पाने पर नाराज़गी जताई है। सीएम साय ने कई मामलो में फ़रार आरोपियों को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की। सीएम साय ने कहा -दुर्ग रेंज को और ज़्यादा मेहनत करने की जरुरत है।आरोपी फ़रार हैं,हत्या के मामले सुलझे नहीं है,किसान सम्मान निधि में धोखाधड़ी के मामले सामने आए। ये सब गड़बड़ी भविष्य में नहीं होनी चाहिए।

## बोड़ला जनपद का लेखापाल 1 लाख 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

### जनपद सीईओ के बंगले और ओफिस में छानबीन जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**कवर्धा,13 सितंबर।** कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला जनपद पंचायत के एकाउंटेंट नरेन्द्र राउतकर को एसीबी की टीम ने विश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है । एकाउंटेंट ने ग्राम पंचायत जामपानी सरपंच को आंगनबाडी के भवन निर्माण का बिल पास कराने के एवज में लिए 1.20 लाख रुपए का रिश्वत मांगी थी, सरपंच पति की शिकायत पर गुरुवार देर शाम 6 बजे 10 लोगों की एसीबी टीम तीन गाड़ियों में पहुंची और रिश्वतखोर बाबू को दबोच लिया गया । बाबू को गिरफ्तार करने के बाद एंटीकरप्शन ब्यूरो की टीम ने जनपद सीईओ मनीष भारती से भी पूछताछ की और सीईओ को अपने साथ उसके बंगले ले गई जहां तीन घंटे तक टीम ने छानबीन की। जिसके बाद वापस जनपद पंचायत कार्यालय ले आई और पूरी जांच सुबह 4 बजे तक चलती रही।

बताया जा रहा की हमेशा विवादों में घिरे रहने वाले बोड़ला जनपद पंचायत के बड़े बाबू नरेन्द्र राउतकर ने सरपंचों व सचिवों को छोटे-छोटे काम के लिए पैसों के लिए परेशान करते थे। हैरानी की बात है की बाबू की लगातार शिकायत अधिकारी से करने के बाद भी बाबू पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन इस बार बाबू पर सरपंच पति भारी पड़ गया। बोडला विकासखंड के ग्राम पंचायत जामपानी की महिला सरपंच से जनपद पंचायत बोड़ला के बड़े बाबू नरेन्द्र राउतकर ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण का बिल पास कराने के लिए 1.20 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी महिला सरपंच ने अपने पति को बाबू द्वारा रिश्वत मांगने की बात बताई तब सरपंच पति मोती राम बैगा ने रायपुर जाकर एसीबी कार्यालय में बाबू की करतूत बताई और कुछ सबूत भी दिखाए जिसके बाद एंटीकरप्शन ब्यूरो की टीम ने सरपंच पति को बाबू को देने केमिकल वाले नोट दिए सरपंच पति मोती राम बैगा पैसा लेकर गुरुवार साम 6 बजे बाबू को पैसा पकड़ा दिया जैसे ही बाबू ने पैसा जेब में डाला एसीबी की टीम ने बाबू को दबोच लिया। बाबू से पूछताछ के बाद जनपद सीईओ मनीष भारती भी टीम के शक के दायरे में आ गए इसलिए सीईओ से भी टीम पूछताछ की और सीईओ के बंगले को तीन घंटे छानबीन की गई। जिसके बाद सीईओ को वापस गाड़ी में बैठाकर जनपद ले आई और टीम छानबीन और पूछताछ कर रही है, इस पुरे कार्रवाई में एसीबी की टीम मिडिया से दूरी बनाई हुई है।

### बाबू 25000 रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया

**खरसिया,13 सितंबर।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी /आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा लगातार छेड़े जा रहे व्यापक अभियान के तारतम्य में आज दिनांक 12.09.24 को एसीबी इकाई बिलासपुर को रायगढ़ जिले के शिक्षा विभाग के एक रिश्वतखोर बाबू को 25000रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता हासिल हुई। मिडिल स्कूल खम्हार तहसील खरसिया जिला जिला रायगढ़ में पदस्थ शिक्षक उमेन सिंह चौहान के द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि उसकी पत्नी के इलाज से संबंधित मेडिकल बिल पास कराने के एवज में उक्त स्कूल का बाबू ओमप्रकाश नवरत्न उससे 25000 रुपए रिश्वत मांग रहा है और वह उसे रिश्वत न देकर उसे रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है। शिकायत का सत्यापन कराए जाने पर शिकायत कर्ता की शिकायत सही पाई गई जिस पर एसीबी बिलासपुर द्वारा आरोपी को ट्रैप करने की योजना बनाई जाकर आज प्रार्थी को रिश्वत रकम 25000 रुपए आरोपी को देने हेतु खम्हार स्कूल रायगढ़ भेजा गया था जो रिश्वत की रकम लेते ही आरोपी को स्कूल में ही एसीबी की टीम द्वारा पकड़ लिया गया जिससे स्कूल में और आसपास हड़कंप मच गया। पकड़े गए आरोपी ओमप्रकाश नवरत्न पिता जैतराम नवरत्न से रिश्वत की रकम 25000रुपए बरामद की जाकर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की जा रही है तथा कार्रवाई उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षेप



### नहीं रहे मालूराम शर्मा

**तिल्दा-नेवरा,13 सितंबर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा नेवरा के प्रेरणास्त्रोत, संरक्षक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ जनसंघी, सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा-नेवरा के प्रथम व्यवस्थापक, मीसाबंदी,वरिष्ठ पत्रकार पंडित मालूराम जी शर्मा उम्र 86 हम सब के बीच नहीं रहे। आज उनका देवलोक गमन हो गया। शर्मा तरुण छत्तीसगढ़ समाचार पत्र से लंबे समय तक जुड़ रहे। अंतिम समय में भी वे इस अखबार के लिए अपनी सेवाएं दे रहे।तरुण छत्तीसगढ़ परिवार उनके निधन से स्तब्ध है। भगवान उनकी आत्मा को परम शांति दे। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह सुभाष चौक नेवरा स्थित निवास स्थान से सार्वजनिक मुक्तिधाम नेवरा के लिए निकाली गई। वे पत्रकार नरेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा ओमा, सुरेंद्र शर्मा, श्याम शर्मा, पवन शर्मा, स्वर्गीय विष्णु शर्मा के पिता, कमलेश, बसंत के ताऊ, तथा निशांत, शुभम, प्रिंस, सुजल, रुद्राक्ष के दादा थे।

### सौम्या चौरसिया के भिलाई स्थित घर सहित 50 से ज्यादा संपति ईडी ने की अटैच

**रायपुर,13 सितंबर।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 50 से



ज्यादा प्रॉपर्टी अटैच कर दिया है. ईडी ने अटैच की गई संपत्तियों का विवरण उनके घर में चस्पा कर दिया है. बताया जा रहा है कि अटैच की गई संपत्तियों में सौम्या चौरसिया का भिलाई स्थित सूर्या विहार स्थित निवास भी शामिल है. सौम्या चौरसिया को कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था. इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं. ईडी ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपए की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी. जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था. आरोप है कि सौम्या चौरसिया ने वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था. इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं.

### टीचर की मांग पर छात्रों और पालकों ने स्कूल में जड़ा ताला

**महासमुंद,13 सितंबर।** पालक और बच्चों ने महासमुंद के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में ताला लगा दिया है. इस स्कूल में सिर्फ एक की शिक्षक हैं, जो 3 क्लास के 71 बच्चों पढ़ाते हैं. यही कारण है कि पालक और बच्चों ने शिक्षकों की मांग को लेकर स्कूल में ताला लगा दिया है. बता दें कि स्कूल में कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के 71 बच्चे है, जो एक प्रधानपाठक व एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई करते हैं. शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिनोधा के एक शिक्षिका को 2018 से अटैचमेंट में बृजराज पाठशाला महासमुंद में अटैच कर दिया है और उनको सेलरी सिनोधा स्कूल से दिया जाता है. वहीं, नियमानुसार एक स्कूल में एक प्रधानपाठक और तीन शिक्षक होने ही चाहिए. लेकिन यहां एक दी शिक्षक हैं. जिसको देखते हुए पालकों और बच्चे शिक्षक की मांग को लेकर स्कूल में ताला लगाया है. शिक्षा विभाग अब दूसरे शिक्षक को अटैच करने की बात कह रहे हैं, पर पालक मानने को तैयार नहीं है.

## डीईओ के ठिकानों पर एसीबी की दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बिलासपुर,13 सितंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के कई ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक साथ छापा मारा। कार्रवाई के दौरान, बिलासपुर में रात से हो रही बारिश के बीच, एसीबी की टीम सुबह 5.45 बजे नूतन कॉलोनी स्थित साहू के आवास पर पहुंची। बिलासपुर के साथ-साथ कवर्धा में स्थित साहू के निवास पर भी एसीबी की टीम ने छापा मारा है । इस छापे की खास बात यह थी कि एसीबी ने इस बार पुलिस की मदद नहीं ली, जिससे स्थानीय लोगों को इस कार्रवाई की भनक तक नहीं लगी। टीम केवल एक गाड़ी में सुबह-सुबह साहू के घर पहुंची, जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। कॉल बेल बजाने पर जब दरवाजा खोला गया, तो एसीबी के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। एसीबी का नाम सुनते ही साहू और उनके परिवार के सदस्य के होश उड़ गये। एसीबी सूत्रों के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों की विस्तृत जांच के बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की। सूत्रों का कहना है कि साहू के खिलाफ विभिन्न स्रोतों से मिले संपत्ति संबंधी दस्तावेजों और सबूतों की जांच जारी है। एसीबी टीम ने साहू के आवास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें जब्त की हैं।

## जब संलिप्तता नहीं तो क्यों जाना पड़ा जेल: सिंहदेव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 सितंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोयला लेवी मामले में आरोपी सूर्यकांत तिवारी से मुलाकात करने जेल पहुंचने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि सब कुछ बहुत स्पष्ट है. भारतीय जनता पार्टी तो शुरू से ही कह रहे हैं कि सांच को आंच नहीं. कांग्रेस की सरकार में सिंडिकेट का जन्म हुआ था. जब संलिप्तता नहीं है तो ऐसी कौन सी बात है जो जेल में जाना पड़ गया.

किरण सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए भ्रष्टाचार की सीमा लांघ दी. जिनकी जमानत नहीं हो रही है, वे सभी लोग जेल में हैं. अत्याचार आपकी सरकार में हुआ है, भ्रष्टाचार आप करें, आपके लोग करें. कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नहीं किया. टारगेट करने की बात बहुत हास्यास्पद है. जनता सब समझती है इसलिए पांच सालों में ही सरकार चली गई. कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दूसरे के संगठन में टिप्पणी वही करता हैं, जो फुर्सत में



रहते हैं. उनके दौरे का फर्क पहले भी नहीं पड़ा, अभी नहीं पड़ेगा. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने 15 सितंबर को आयोजित किए जाने वाले मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के 5.50 लाख हितग्राहियों को पीएम आवास की पहली किस्त जारी होगी. इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हैं. छत्तीसगढ़ को डबल इंजन सरकार का फायदा मिल रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड से कार्यक्रम में शामिल होंगे. 8 लाख 43 हजार पीएम आवास मिलेगा. पीएम आवास के हितग्राहियों के खातों में सीधे राशि ट्रांसफर किया जाएगा. इसके साथ ही सिंहदेव ने बीजेपी के सदस्यता अभियान पर बताया कि बहुत तेजी से सदस्य बन रहे हैं.

## अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत

**नई दिल्ली,13 सितंबर।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस सूर्य कांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने केजरीवाल को दिल्ली आबकारी घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी । सीबीआई के केस में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ये जमानत दी है। दिल्ली सीएम को 10 लाख के दो मुचलके पर शीर्ष न्यायालय ने बेल दी है। इससे पहले केजरीवाल को ईडी से जुड़े केस में भी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। सुप्रीम कोर्ट पांच सितंबर को केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला 5 सितंबर को सुरक्षित रखा था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार गिरफ्तार किया। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया. 10 मई को 21 दिन के लिए आम चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की एक जून तक की रिहाई मंजूर की थी. 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया था। आज यानी 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई होती है तो कुल जेल गए 177 दिन हो जाएंगे। अगर 21 दिन की रिहाई को कम कर दिया जाए तो केजरीवाल कुल 156 दिन जेल में रहे।

### भोरमदेव अभयारण्य में दिखा बाघ का पद चिन्ह

**कवर्धा,13 सितंबर।** भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा अंतर्गत क्षेत्रों में लगातार बाघ के पगमार्क (पद चिन्ह) की पुष्टि की जा रही है किन्तु अभी तक किसी वन्यप्राणी के द्वारा अन्य वन्यप्राणी अथवा जन की हानि की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा एवं उसके समीप के समस्त परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी किया गया है । जिसके अनुसार संबंधित परिक्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी समिति का गठन कर अपने क्षेत्र का निरंतर (भ्रमण )निरीक्षण करते रहेंगे तथा किसी भी प्रकार से वन्यप्राणी की गतिविधि प्राप्त होने पर तत्काल कार्यालय को सूचित करेंगे। स्थानीय क्षेत्र में वन प्रबंधन समिति, बी.एम.सी. एवं सरपंच से संबंध स्थापित कर वन्यप्राणी से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी आम जनों को मुनादी कर तथा प्रचार-प्रसार के माध्यम सूचित करेंगे.

## पुतिन के सामने बैठकर डोभाल ने दिया मोदी का मैसेज

**मास्को,13 सितंबर।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान डोभाल ने पुतिन के सामने बैठकर पीएम नरेन्द्र मोदी का खास मैसेज उन्हें दिया। साथ ही वोलोडिमिर जेलेंस्कीसे मीटिंग में किन-किन मुद्दों पर बातचीत हुई थी, ये भी बताया।

पुतिन ने कहा कि उन्हें पीएम मोदी के फिर से इंतजार है। पुतिन ने अगले महीने रूस में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में पर्सनली पीएम मोदी को बुलाया है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर को रूस के शहर कजान में आयोजित किया जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने डोभाल के जरिए संदेश भिजवाया है कि वो पीएम मोदी से ब्रिक्स से इतर द्विपक्षीय वार्ता करना चाहते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम कज़ान में मोदी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं 22 अक्टूबर को कज़ान में द्विपक्षीय



बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव देता हूं। दरअसल अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के नए प्रयासों के बीच कीव में प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ हुई वार्ता के बारे में जानकारी दी। पुतिन-डोभाल की बैठक मोदी की यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता के लगभग तीन सप्ताह बाद हुई है। अजीत डोभाल और पुतिन के बीच हुई बातचीत का एक अंश रूसी मीडिया मे जारी किया है। पुतिन के साथ हुई आमने-सामने की बातचीत में डोभाल रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहते हैं 'जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आपसे टेलीफोन पर बातचीत की थी, वह आपको अपनी यूक्रेन यात्रा और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात के बारे में जानकारी देने के लिए उत्सुक थे। वह चाहते थे कि मैं पर्सनली और स्पेशली रूस जाकर आपसे मिलूं और आपको उस बातचीत के बारे में बताऊं.बातचीत बहुत क्लोज फॉर्मेट में हुई। इसमें केवल दो नेता थे. उनके साथ उनके दो लोग थे। मैं प्रधानमंत्री के साथ था. मैं इस बातचीत का साक्षी हूं। इस दौरान पुतिन ने कहा, मुझे अच्छी तरह याद है, जैसा कि मैंने पहले ही हमारी आम बैठक में कहा था। पीएम मोदी की मास्को यात्रा न केवल बहुत सफल रही, बल्कि इसके परिणामों के बाद शुरू किया गया कार्य भी बहुत सार्थक है और ठीक उसी गति से हो रहा है.

## बजट खर्च करने में पिछड़े विभाग,वित्त मंत्री ने 5 मंत्रियों को लिखी चिट्ठी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,13 सितंबर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2024-25 के बजट के अंतर्गत विभिन्न विभागों के मंत्रियों को पत्र लिखा है। वित्त मंत्री ने पांच मंत्रियों के विभागों में बजट की राशि के कम खर्च होने पर यह चिट्ठी लिखी है। वित्त मंत्री चौधरी ने मंत्रियों से आग्रह किया है कि खर्च की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा है कि बजट जिस अनुपात में खर्च किया जाना चाहिए था उस अनुपात में खर्च नहीं हो रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने मंत्रियों को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि बजट के निर्धारित मापदंड के अनुसार पूंजीगत व्यय के लिए प्रत्येक तिमाही के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और इसके अनुसार पूंजीगत व्यय होने से कार्यों में निरंतरता के साथ अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। वित्त मंत्री ने अनुरोध किया है कि कार्य योजना तैयार कर और नियमित पर्यवेक्षण के माध्यम से बजट लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। इससे समय पर लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी और समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

वित्तमंत्री चौधरी ने गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है और कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट में आपके विभाग से संबंधित बजट में पूंजीगत व्यय के लिए किए गए प्रावधानों के विरूद्ध अगस्त माह तक गतवर्ष की तुलना में काफी कम व्यय हुआ है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 171 करोड़ तथा गृह विभाग में 31 करोड़ पूंजीगत व्यय हुआ है। वित्त विभाग की ओर से विभागों के लिए निर्धारित व्यय सीमा के अनुसार प्रथम छः माही में 40 प्रतिशत (प्रथम तिमाही में 25 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही में 15 प्रतिशत) व्यय किया जाना है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है। पूंजीगत व्यय अधिक होने से रोजगारों का सृजन तथा अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में गुणात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पूंजीगत व्यय अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए निर्माण कंपनियों/ठेकेदारों के समय पर भुगतान करने से कार्यों की निर्धारित समयावधि में पूर्णता सुनिश्चित होती है। इससे कार्यों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है तथा भविष्य में कार्यों की निविदा दरों में भी कमी आती है। अतः 31 जुलाई 2024 तक लंबित सभी नियमित देयकों का भुगतान 30 सितम्बर 2024 तक करने के लिए कृपया अपने अधीनस्थों को निर्देशित करने का कष्ट करें। वहीं वित्तमंत्री चौधरी ने कृषि मंत्री



रामविचार नेताम को लिखे पत्र में कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट में आपके विभाग से संबंधित बजट में पूंजीगत व्यय के लिए किए गए प्रावधानों के विरूद्ध अगस्त माह तक गतवर्ष की तुलना में काफी कम व्यय हुआ हैं। आदिमजाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग में 20 करोड़ एवं कृषि विकास और किसान कल्याण विभाग में 18 करोड़ पूंजीगत व्यय हुआ है। वित्त विभाग की ओर से विभागों के लिए निर्धारित व्यय सीमा के अनुसार प्रथम छः माही में 40 प्रतिशत (प्रथम तिमाही में 25 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही में 15 प्रतिशत) व्यय किया जाना है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है। पूंजीगत व्यय अधिक होने से रोजगारों का सृजन तथा अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में गुणात्मक प्रभाव पड़ता है।

वहीं वन मंत्री केदार कश्यप को वित्तमंत्री चौधरी ने पत्र लिखा और कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट में आपके विभाग से संबंधित बजट में पूंजीगत व्यय के लिए किए गए प्रावधानों के विरूद्ध अगस्त माह तक गतवर्ष की तुलना में काफी कम व्यय हुआ हैं।

जल संसाधन विभाग में 655 करोड़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 80 लाख पूंजीगत व्यय हुआ है। वित्त विभाग की ओर से विभागों के लिए निर्धारित व्यय सीमा के अनुसार प्रथम छः माही में 40 प्रतिशत (प्रथम तिमाही में 25 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही में 15 प्रतिशत) व्यय किया जाना है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को पत्र लिखा और कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट में आपके विभाग से संबंधित बजट में अगस्त माह तक गतवर्ष की तुलना में काफी कम व्यय हुआ हैं। लोक निर्माण विभाग में 1320 करोड़ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 220 करोड़ नगरीय प्रशासन विभाग में 348 करोड़ तथा विधि और विधायी कार्य विभाग में 2.29 करोड़ पूंजीगत व्यय हुआ है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है।

वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को लिखे पत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि 2024-25 के बजट में आपके विभाग से संबंधित बजट में पूंजीगत व्यय के लिए किए गए प्रावधानों के विरूद्ध अगस्त माह तक गतवर्ष की तुलना में काफी कम व्यय हुआ हैं। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 91 करोड़ एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 15 लाख पूंजीगत व्यय हुआ है। वित्त विभाग की ओर से विभागों के लिए निर्धारित व्यय सीमा के अनुसार प्रथम छःमाही में 40 प्रतिशत (प्रथम तिमाही में 25 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही में 15 प्रतिशत) व्यय किया जाना है। विभाग में पूंजीगत व्यय की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में निरंतर व्यय तथा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाना आवश्यक है। पूंजीगत व्यय अधिक होने से रोजगारों का सृजन तथा अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में गुणात्मक प्रभाव पड़ता है।

# जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड से मरीज का मोबाइल चोरी

## सीसीटीवी में मोबाइल चोरी करते दिखा एक शख्स,अस्पताल प्रबंधन सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 13 सितंबर।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा की एक मात्र जिला अस्पताल का हाल बेहाल है। अस्पताल में कई अव्यवस्थाएं पसरी पड़ी है जिसे ठीक करने की ओर अस्पताल प्रबंधन कोई कदम नहीं उठा रहा जिसके चलते आए दिन अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजन कोई ना कोई घटना अथवा अव्यवस्था के शिकार होते रहते हैं। जिला अस्पताल की बदहाल एवं लचर पस्त व्यवस्था के चलते एक मरीज की दो कीमती मोबाईल बीती रात चोरी हो गई और अस्पताल प्रबंधन अब तक पता नहीं लगा पाया है कि चोरी किसने की। पहले तो पीड़ित मरीज को यह बोलकर गुमराह करने की कोशिश की गई कि वार्ड का सीसी कैमरा खराब है। आज सुबह जब मरीज के कुछ मित्र सीसीटीवी फुटेज चेक करने को बोले और प्रबंधन पर दबाव डाले तब कहीं जाकर सीसीटीवी चेक किया गया । चेक करने पर मोबाईल चोरी करते हुए एक शख्श दिखाई पडा। बालपेट निवासी पथरी का मरीज आर्यन सिंह ने बताया कि वह महिंद्रा फाईनेंस कंपनी में कार्य करता है। पेट में दर्द होने की शिकायत के बाद उसे गुरूवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात भोजन के बाद वह मेडिकल वार्ड 2 के अपने बेड पर सोने चला गया था रात के करीब 2 बजे होंगे सिरहाने में विवो एवं वन प्लस कंपनी का दो मोबाईल रखकर सो गया तभी किसी ने रात में ही वार्ड में घुसकर मोबाईल पर हाथ साफ दिया। सुबह जब मोबाईल बेड पर नहीं मिली तो अस्पताल के कर्मचारियों से इसकी शिकायत की गई तो पहले तो सीसी कैमरा खराब एवं बन्द होने की बात कही गई । पीडित आर्यन सिंह के कुछ युवा साथी अस्पताल पहुंचे और उन्होने दबाव डालकर सीसी कैमरे का डीवीआर चेक करने को कहा तब कहीं जाकर फुटेज चेक किया गया जिसमें मोबाईल चोर की तस्वीर सामने आई। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि रात के वक्त एक चोर सफेद सर्ट व हल्की नीली कलर की पैंट पहने हुए मेडिकल वार्ड के अंदर दाखिल हुआ और आर्यन के सिरहाने से मोबाईल उठाकर उसे अपने पैंट के अंदर रखकर बड़े आराम से चहलकदमी करते हुए बाहर निकल गया। सीसी कैमरा में स्पष्ट रूप से चोरी करते हुए एक व्यक्ति को देखने के बाद अब अस्पताल के सीएस डॉ0 गंगेश व आरएमओ जांच की बात कह रहे हैं। सीएस डॉ0 गंगेश ने कहा कि चोर का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा है लिहाजा अभी यह कह पाना हमारे लिए मुश्किल है कि चोर अस्पताल का कर्मचारी है या कोई बाहरी व्यक्ति । हम इसे एक्सपर्ट से जांच करवाएंगे जिसके बाद ही स्पष्ट हो जाएगा चोर के संबंध में। पीड़ित मरीज द्वारा कोतवाली में मोबाईल चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई जा रही है। बता दें कि पूर्व में भी कई बार मरीजों की मोबाईल, पर्स, एवं अस्पताल परिसर से दोपहिये वाहनों की चोरी हो चुकी है।

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ

**धमतरी 13 सितम्बर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर बीते दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर ने बताया इससे मगरलोड विकासखंड क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा और उनका समय भी बचेगा। उन्होंने बताया कि 07 ग्राम से कम एचबी लेवल वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर आवश्यकता अनुरूप रक्त अंतरण की सेवा दी जायेगी। इसी तरह ऐसी गर्भवती माताओं को, जिनका एचबी लेवल कम है, उन्हें आवश्यकता अनुरूप रक्त अंतरण किया जाएगा। इसके साथ ही सिकलिंग से पीड़ित मरीज को भी रक्त प्रदाय किया जाएगा। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में ब्लड बैंक यूनिट प्रारंभ होने के साथ ही नगर पंचायत मगरलोड निवासी 46 वर्षीय श्रीमती मेनका यादव पति श्री जनक यादव कमजोरी की शिकायत लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में जांच कराने पहुंची थीं। जांच में पाया गया कि उक्त महिला सिकलिंग वाहक एचबी लेवल 5.6 के मरीज है और उनका ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है। इस पर उन्हें तत्काल भर्ती कर पूरी जांच के बाद रक्त अंतरण की सेवा तत्काल दी गई। रक्त अंतरण सेवा के दौरान बीएमओ, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पा जनबंधु, लैब टेक्नीशियन तरुण साहू, बीपीएम मनोज पटेल, एच एल वर्मा, रितेश साहू सहित स्वास्थ्य टीम उपस्थित रहे।

### पंडालों में प्लास्टिक,पालीथिन का उपयोग नहीं करने के लगाए पोस्टर

**धमतरी 13 सितम्बर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के जरिए लोगों को साफ-सफाई व स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान पेयजल स्त्रोतों, तालाबों, नहरों, सार्वजनिक स्थानों, गार्डनों इत्यादि में सामुहिक तौर पर साफ-सफाई की जा रही है। इसमें जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थान के प्रतिनिधि सहित स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इन्हीं सभी कार्यक्रमों में नगर पंचायत कुरूद स्थित गणेश पंडालों में प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की अपील संबंधी पोस्टर्स चस्पा किए गए। पोस्टर्स के जरिए नगर पंचायत कुरूद द्वारा लोगों से अपील की गई है कि प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नहीं करें, घरों एवं दुकानों में उपयोग विहीन प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को स्वच्छता दीदियों को ही दें, नालियों में नहीं फेंके।

### जिले में स्थापित जलशक्ति केन्द्रों का विद्यार्थियों ने किया अवलोकन

**धमतरी 13 सितम्बर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत जहां जल को संरक्षित करने के लिए लोगों को विभिन्न नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, रैली, दीवार लेखन इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, वहीं फसल चक्र परिवर्तन पर भी कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। इसके साथ ही जिले के स्कूल, कॉलेजों में भी विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग, वाद-विवाद, नाटक, नृत्य इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जल संरक्षण संबंधी जनजागरूकता के लिए जल जगार उत्सव के तहत जिले के चारों विकासखण्ड मुख्यालय में जलशक्ति केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां विषय विशेषज्ञों के द्वारा जल संरक्षण के तकनीकी की जानकारी बीते 15 अगस्त से लगातार दी जा रही है। इसी कड़ी में जल जगार से संबंधित मॉक ग्रामसभा का आयोजन जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में किया गया। इसके अलावा प्रत्येक विकासखण्ड के विद्यालयों को जोन में बांटकर जोन स्तरीय मॉक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जहां से चयनित विद्यार्थियों का विकासखण्ड स्तरीय मॉक ग्रामसभा का आयोजन आगामी सप्ताह में किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में स्थापित जल शक्ति केन्द्रों का विभिन्न स्कूलों के 2 हजार 840 विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। इनमें नगरी एवं धमतरी विकासखण्ड के 740-740 छात्र-छात्राएं और कुरूद विकासखण्ड के 730 तथा मगरलोड विकासखण्ड के 630 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस दौरान विद्यार्थियों को जल संरक्षण, पानी का सदुपयोग और फसल चक्र परिवर्तन की बारिकी से दी गई।

### अपंजीकृत झोलाछाप चिकित्सक की क्लिनिक सील करने की कार्रवाई शुरू

**धमतरी 13 सितम्बर।** जिले में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में लगातार अपंजीकृत झोलाछाप चिकित्सक के विरूद्ध इंजेक्शन लगाने, बॉटल चढ़ाने, वांछित डिग्री एवं दस्तावेज नहीं होने के बाद भी मनमानी तरीके से एलोपैथी दवाई देने और नर्सिंग होम एक्ट का पालन नही करते हुए बिना अनुमति के क्लिनिक संचालित करने के संबंध में शिकायत प्राप्त हो रहे हैं। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर उक्त शिकायत की जांच के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक द्वारा जांच दल का गठन किया गया है। इसी कड़ी में भखारा के ग्राम गाड़ाडीह (आर) निवासी श्री प्रेमलाल देवांगन द्वारा बीते दिनों कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई कि उसी गांव के श्री रामहरि सिन्हा द्वारा मरीजों को इंजेक्शन लगाने, बाटल चढ़ाने, अपने आप को पेशेवर डॉक्टर बताकर इलाज किया जा रहा है। इसके बाद सीएमएचओ के निर्देश पर गठित दल द्वारा 11 सितम्बर को उक्त शिकायत की जांच के लिए औचक रूप से ग्राम गाड़ाडीह (आर) में दबिश दी गई। इस दौरान मौके पर श्री रामहरि सिन्हा और ग्रामीण उपस्थित थे। जांच में पाया गया कि उक्त झोलाछाप चिकित्सक के पास एलोपैथी पद्धति से मरीजों के उपचार के लिए वांछित डिग्री दस्तावेज नहीं था, जिससे शिकायतकर्ता की कुछ शिकायत की पुष्टि हुई। इसके आधार पर जांच दल द्वारा ग्रामीणों एवं चिकित्सक की उपस्थिति में मौके पर ही क्लिनिक को सीलबंद किया गया और भविष्य में ऐसे कृत्य नहीं करने की समझाइश दी गई, जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो। सीएमएचओ डॉ.कौशिक ने कहा कि जिले में ऐसे अपंजीकृत चिकित्सक, जो नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करते हुए घर-घर जाकर और क्लिनिक लैब अस्पताल संचालित कर अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे हैं।

# शिकायत के बाद वन परिक्षेत्र भानपुरी में किए गए लोगों के अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 13 सितंबर।** वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर वन भूमि को मुक्त किया जा रहा है। निर्देशानुसार वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक श्री आर.सी.दुग्गा के मार्गदर्शन एवं वनमण्डलाधिकारी बस्तर श्री उत्तम गुप्ता के निर्देशन में उड़नदस्ता, समस्त स्टॉफ ने वन परिक्षेत्र भानपुरी के अन्तर्गत अतिक्रमण की शिकायत के जाँच के लिए राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम एवं वृत्त स्तरीय उड़नदस्ता टीम के द्वारा कार्यवाही किया गया। राज्य स्तरीय उड़न दस्ता टीम रायपुर के द्वारा चपका पी.एफ. 1077 नया 86 में तीन व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई उनके की गई कार्यवाही के तहत उनके पास से 8 बंडल 110 र.मी. चैन लिंक एवं 73 नग बांस के फेंसिंग खुंटा जप्त किया गया। जिसमें ग्राम सोनारपाल से श्री विकास देवांगन द्वारा 0.226 हेक्टेयर में मिर्ची की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया। ग्राम छेदीपारा सोनारपाल से श्री राजू द्वारा 0.450 हेक्टेयर में धान की खड़ी फसल जप्त कर और ग्राम-चपका से श्री तुलसी 0.050 हे. धान की खड़ी फसल जप्त कर उनके विरूद्ध वन अपराध कायम किया गया। इसी तरह वृत्त स्तरीय उड़न दस्ता टीम जगदलपुर के द्वारा ग्राम मुरकुची नया 64 में 20 अतिक्रामकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 9.791 हेक्टेयर रकबा में मक्का एवं उड़द के खड़ी फसल जप्त किया गया है। उनके 10 बंडल फेंसिंग तार एवं 300 नग फेंसिंग खुंटा मौके से जप्त किया गया। जिसमें ग्राम-मुरकुची से श्री डमरू द्वारा 0.733 हेक्टेयर. मक्का खड़ी फसल, श्री फूलसिंग द्वारा 2.211 हेक्टेयर. बारवेड वायर 45 कि.ग्रा., फेंसिंग 3 क्विंटल., खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर ,श्री सुरेश द्वारा 2.753 हे. बारवेड वायर 60 कि.ग्रा., मिश्रित फेंसिंग 4.50 कि.ग्रा., खड़ी फसल मक्का, श्री केलूराम एवं अन्य 05 व्यक्ति 2.622 हेक्टेयर, बारवेड वायर 70 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ 4 क्विंटल, खड़ी फसल मक्का जप्त कर, श्री रूपनाथ अन्य 03 व्यक्ति .572 हेक्टेयर बारवेड बायर 25 कि.ग्रा. मिश्रित जलाऊ फेंसिंग 2 क्विंटल, खड़ी फसल मक्का, उड़द जप्त कर उनके विरुद्ध वन अपराध कायम किया गया। समस्त प्रकरणों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर में प्रस्तुत किया जाएगा।

### जनसमस्या निवारण शिविर में 33 आवेदनों का किया गया निराकरण

धमतरी 12 सितम्बर 2024/ राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में आज इसी कड़ी में जिले के अंतिम छोर में बसे धमतरी विकासखण्ड के ग्राम मोंगरागहन स्थित आदर्श शासकीय हाईस्कूल के प्रांगण में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर गांव सहित आसपास के लोगों की विभिन्न मांग, शिकायत, समस्याओं संबंधी प्राप्त आवेदनों को उपस्थित अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर उनका निराकरण किया गया। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी शिविर स्थल में दी गई। इस दौरान शिविर में मिले 106 आवेदनों में से 33 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लिया गया। शिविर में जनपद सदस्य श्री शैलेश मंडावी, सरपंच श्रीमती रामशिला कोर्राम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री बीएस मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम मोंगरागहन में आयोजित जिला स्तरीय जनमसस्या निवारण शिविर में डिप्टी कलेक्टर श्री बी.एस..मरकाम ने चिखली निवासी श्री ललित साहू को 25 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया। दरअसल ललित साहू के पिता श्री कन्हैया लाल साहू की ग्राम पंचायत चिखली के आश्रित ग्राम माटेगहन में रोजगार गारंटी योजना के तहत शीतला तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके मद्देनजर मृतक के पुत्र श्री ललित साहू को उक्त आर्थिक सहायता का चेक प्रदाय किया गया।

## समाचार संक्षेप

### सुजाता लकड़ा बनीं उप निरीक्षक, एसपी किरण चव्हाण ने स्टार लगाकर दी बधाई



**सुकमा 13 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वालों की सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार, कुल 13 सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। बस्तर संभाग से मात्र दो सहायक उप निरीक्षकों को यह प्रमोशन मिला है, जिसमें बीजापुर और सुकमा जिलों से एक-एक अधिकारी शामिल हैं। सुकमा से सहायक उप निरीक्षक सुजाता लकड़ा को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। इस मौके पर सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सुजाता लकड़ा को स्टार लगाकर बधाई दी।

### पुलिस ने एक युवती की मदद कर मिसाल पेश की

**भिलाई 13 सितंबर।** भिलाई - 3 थाने पुलिस ने एक युवती की मदद कर मिसाल पेश की है। भिलाई - 3 मार्केट से आटो में बैठकर



सिरसागेट के पास उतरने के बाद अपना बैग भूल गयी सूचना पर पुलिस ने बैग को ढूंढकर परेशान युवती के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है बैग पाकर युवती का चेहरा खुशी से खिल उठा युवती ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि ग्राम -घुघुवा की रहने वाली सविता भारती पिता शिवकुमार भारती( 25 वर्ष) भिलाई 03 मार्केट से आटो में बैठकर सिरसागेट के पास उतरी और आटो में ही अपना बैग भूल गयी। बैग में स्कूल के माकर्शीट, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति थी। सविता को बाद में याद आने के बाद अपनी बैग के बारे में भिलाई 03 एवं चरोदा जाकर तलाश की ,किन्तु बैग नहीं मिलने पर 6 सितंबर को भिलाई - 3 पहुंचकर सूचना दी थी इसके बाद भिलाई - 3 टीआई महेश ध्रुव निर्देश पर लगातार युवती के गुम बैग की खोज की आरक्षक प्रवीण सरजारे ने बैग को ढूंढ़कर युवती को सौंप दिया है।

### चितालंका राशन दुकान में अनियमितता के चलते संचालक निलंबित



**दंतेवाड़ा, 13 सितम्बर ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा ने अपने एक दिवसीय जिले भ्रमण के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम चितालंका का निरीक्षण किया गया जिसमे अनियमितता पाए जाने पर संचालक एजेंसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर ग्राम पंचायत में संलग्न करने के निर्देश दिए गए । इसके अलावा शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम टेकनार के विक्रेता द्वारा 10 दिनों से उक्त दुकानको बंद रखा गया इस पर उक्त विकेता को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है। इसके अलावा एसडीएम ने जिला खाद्य अधिकारी को सतत निरीक्षण करने एवं खाद्?य अधिकारियों को प्रति माह प्रत्येक दुकान का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौपने हेतु निर्देशित भी किया गया।

### आंगनबाड़ियों में दी गई सही-सही वृद्धि मापन और अनुश्रवण की जानकारी

**धमतरी 13 सितम्बर।** राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन आगामी 30 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस दौरान एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी और समग्र पोषण इत्यादि कार्यक्रम जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 11 सितम्बर को एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत पोस्ट ऑफिस वार्ड धमतरी में सही-सही वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों का वजन और वृद्धि मापन किया गया। परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव ने बताया कि आगामी दिनों में शहर के वार्डों में सभी शून्य से 6 साल तक के बच्चों का वजन, ऊंचाई, लंबाई को जन्मतिथि के साथ पोषण ट्रेकर एप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एंट्री की जाएगी। इससे सामान्य, मध्यम गंभीर एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान होगी। उन्होंने बताया कि बच्चे के नाटा या दुबलापन का भी इस दौरान चिन्हांकन किया जाएगा।

# किरंदुल थाना क्षेत्र में पुलिस को नुक़सान पहुँचाने के नक्सलियों के मंसूबों को बीडीएस ने किया फेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 13 सितंबर।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. (भापुसे), पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप (भापुसे) एवं उप पुलिस महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा रेंज राकेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा स्मृतिक राजनाला (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा राम कुमार वर्मन (रापुसे0) के निर्देशानुसार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है* जिसके तहत थाना किरंदुल क्षेत्रांतर्गत सीआईएसएफ़ की गश्त टीम को लोहागाँव जाने वाले रास्ते पर ज़मीन में दबा हुआ इलेक्ट्रिक वायर दिखाई देने पर इसकी सूचना थाना प्रभारी किरंदुल को दी गई जिसे थाना प्रभारी किरंदुल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनके निर्देशानुसार बम डिस्पोज़ल स्क्वाड टीम दंतेवाड़ा द्वारा मौक़े पर जाकर नक्सलियों द्वारा लगाये आईईडी को सुरक्षित तरीक़े से सर्चिंग 03 किग्रा0 का प्रेशर आईईडी बरामद किया गया। जिसे बीडीएस दन्तेवाड़ा द्वारा सतर्कतापूर्वक डिस्पोज किया गया। सीआईएसएफ़,थाना किरंदुल और बीडीएस टीम दंतेवाड़ा की उपरोक्त कार्यवाही से नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की प्लान को नाकाम करने में बड़ी सफलता हासिल हुई।



### विशेष शिविर में 10 कमार हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**धमतरी 13 सितम्बर।** शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ देने प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 सितम्बर को सरगी कमारपारा, कोर्रमुड़ा और झुंझराकसा में विशेष शिविर आयोजित कर 10 कमार हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसमें में आयुष्मान कार्ड 05, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 01, श्रम कार्ड के 03 और नलजल योजना के 01 कमार हितग्राहियों क़ो लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने विशेष अभियान जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटो में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया जा रहा है।

# हैंडवॉश डे पर स्कूलों में हाथ धोने के तरीके बताए

**दंतेवाड़ा, 13 सितंबर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के मार्गदर्शन अनुसार ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ियों और स्कूलों में हैंडवाश पर विशिष्ट कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत आईएसए जिला समन्वयक द्वारा स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने के साथ साथ। स्कूलों सहित आंगनबाड़ियों में बच्चों व महिलाओं को हाथ साफ करने के तरीके बताने सहित हाथ धोने का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान मैलावाड़ा ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता ने बताया कि पोषण माह अभियान में आज हैंडवाश-डे के तहत गृह भ्रमण करने , बच्चों, महिलाओं सहित परिवार के प्रत्येक सदस्य को साबुन से हाथ धोने के तरीके बताए व प्रदर्शित किए गए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुआकोंडा के पीएम श्री पोटा केबिन के छात्रों को बताया गया कि साबुन से बार-बार हाथ धोना महामारियों से बचाव के तीन मुख्य उपायों में से एक है। हाथ धोने के लिए अपनाएं ''सुमन-के विधि'' दूबच्चों व बड़ों को हाथ धोने के लिए ''सुमन-के विधि'' का प्रयोग बताते हुए एस- सीधा, यू- उल्टा, एम- मुट्ठी, ए- अंगूठा एन- नाखून और के- कलाई के बारे में समझाया गया। इसके बाद उन्हें सबसे पहले कलाई, फिर हाथ की उल्टी तरफ, फिर मुट्ठी, उसके बाद अंगूठा, फिर नाखून और अंत में फिर कलाई को साफ करना सिखाया गया। वहीं, सुपरवाइजर अंजू सिंह ने कहा कि ''सुमन विधि'' से हाथ धोने के बाद उसे हवा में ही सुखाया जाए न कि कपड़े से पोछकर। साथ ही घरों व आसपास सफाई रखने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं, एक अन्य सुपर वायजर एमिमा दास का कहना था कि परिवारों को हाथ धोने के महत्व के अलावा बताया गया कि बार-बार हाथों को 40 सेकंड तक साबुन और पानी से धोना है।

## पूर्व संसदीय सचिव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच व कार्रवाई की मांग की

# फर्जी राशन कार्ड बनाने वालों पर हो कार्रवाई:विनोद चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 13 सितंबर।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जिले में फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाए जाने की शिकायत की जांच कर इस गोरख धंधे में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग कलेक्टर को पत्र लिखकर की है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि जिला महासमुन्द में लगातार कुछ व्यक्तियों द्वारा हितग्राहियों से पैसा लेकर फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनाये जा रहें हैं। खासकर महासमुन्द जनपद में संबंधित अधिकारियों द्वारा 3000 से 5000 रू. तक लेकर बिना पात्रता के राशन कार्ड बनाये जा रहें हैं। तथा जो हितग्राही पात्र हैं लेकिन संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को पैसा नहीं दे रहें हैं। उनके राशन कार्ड पृथक करने या नया बनाने में हीला-हवाला किया जा रहा है। जिससे गरीब वर्ग के हितग्राहियों में आक्रोश व्याप्त है। श्री चंद्राकर ने कहा कि संयुक्त परिवार से पृथक राशन कार्ड बनाये जाने में नियमों को दरकिनार कर राशन कार्ड पृथक बनाये जा रहें है। जैसे कि माता-पिता के एकलौते पुत्र जो राशन कार्ड में सहभागी हैं, नियमानुसार माता-पिता से पृथक राशन कार्ड एकलौते पुत्र का नहीं बनाया जा सकता। लोकिन जनपद पंचायत महासमुंद में बनाया जा रहा है जो आपत्ति जनक है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार राशन कार्ड बनाने के लिये बिचौलिये संपर्क कर रहें हैं। अत्याधिक हितग्राहियों से राशि लेकर सीधे जनपद पंचायत में आकर राशन कार्ड तत्काल बनवा लेते हैं परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन की छवि लगातार धूमिल हो रही है। कुछ बिचौलियों द्वारा संबंधित शाखा एवं अधिकारी के माध्यम से राशन कार्ड हेतु गोपनीय आई.डी., पासवर्ड प्राप्त कर स्वयं राशन कार्ड च्वाईस सेंटरों के माध्यम से बना रहें हैं, इस तरह की शिकायत लगातार मिल रही है। इस संबंध में एक दैनिक समाचार पत्र में 10 सितंबर को खबर भी प्रकाशित किया गया था। जो प्रशासनिक अधिकारियों के शह पर हो रहे इस अवैध कार्य की सत्यता को उजागर कर रहा है। लगातार मिल रही शिकायतें एवं समाचार पत्र प्रकाशन से स्पष्ट होता है कि बिचौलियों एवं च्वाईस सेंटरों के माध्यम से संबंधित अधिकारी कर्मचारी आर्थिक लाभ लेकर राशन कार्ड बना रहें हैं। परिणामस्वरूप आम जनता शासकीय योजनाओं का लाभ निःशुल्क नहीं ले पा रही है। अतः श्री चंद्राकर ने कलेक्टर से उक्त प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। जिससे पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड का लाभ मिल सके तथा क्षेत्र में फैले इस अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर प्रतिबंध लगाया जा सके।

एक नजर

## मरम्मत के बाद चेरपाल से पालनार सड़क पर आवागमन हुआ बहाल



**बीजापुर 13 सितम्बर।** बीजापुर में लगातार तेज बारिश से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो चुकी थी जिसके कारण चेरपाल से पालनार सड़क प्रभावित हो गया था। कार्यपालन अभियंता श्री धनंजय देवांगन ने बताया कि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार मरम्मत कार्य किया जा चुका है। अब आवागमन बहाल हो चुका है, श्री देवांगन ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सड़क के बीच पाईप डाला गया था जो कि तेज बहाव के कारण मिट्टी बह जाने से सड़क बाधित हुआ। बरसात के बाद स्थायी रूप से वहां पुलिया का निर्माण किया जाएगा।

## जब पूरे नगर का अवैध कब्जा हटाया जा रहा है तो मुन्ना चायवाला को किसका संरक्षण:बंटी केसरी

**खरसिया 13 सितंबर।** भाजपा नेता बंटी केसरी ने नगर प्रशासन के ऊपर आरोप लगाते हुए



कहा है की नगर में सालो से बसे मार्केट की दुकानों को तोड़कर अवैध कब्जा हटाया जा रहा है। तो फिर कृष्ण कुमार जायसवाल (मुन्ना चायवाला) जिसके द्वारा पूर्व शासन काल में नजूल भूमि को अपने नाम करवाकर एवं उससे भी अधिक रोड पर सेड एवं ठेला लगाकर अवैध कब्जा पर दुकान संचालित की जा रही है उसको क्यों नहीं हटाया जा रहा। ऐसा भेदभाव नगर प्रशासन क्यों कर रही है क्या इसलिए की वो पुराना कांग्रेसी है या उसके ऊपर किसी बड़े नेता का संरक्षण है। नगर प्रशासन सभी व्यापारियों के साथ एक व्यवहार कर कृष्ण कुमार जायसवाल (मुन्ना चायवाला) का अवैध कब्जा तत्काल हटाएं अन्यथा मैं बंटी केसरी मेरे साथियों सहित उग्र आंदोलन के लिए बाध्य रहूंगा।

# सीमेंट की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस ने किया धरना,प्रदर्शन

### प्रदेश की भाजपा सरकार राज्य के गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों का लगातार शोषण कर रही:लालू राठौर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने गुरुवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा प्रदेश में बढ़ाए गए सीमेंट के दामों के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार राज्य की गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों का लगातार शोषण कर रही है प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता के दैनिक उपयोग के सामानों में मूल्य वृद्धि कर लूट रही है इससे तो यही लगता है कि प्रदेश सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है बीते दिनों सीमेंट के दामो में प्रति बोरी 50 रुपये की वृद्धि इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है, भाजपा सिर्फ और सिर्फ उद्योगपतियो को ही लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। ज़िला कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब सीमेंट उत्पादन के लिये कच्चा माल, जमीन, लाइमस्टोन और कोयला छत्तीसगढ़ प्रदेश का ही उपयोग किया जा रहा है तो फिर छत्तीसगढ़ में ही बनी सीमेंट छत्तीसगढ़ वासियों को भी महंगे दामो पर क्यो बेची जा रही है इस पर प्रदेश की भाजपा सरकार को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह पहली बार है की महज 09 माह में छत्तीसगढ़ की जनता का भाजपा सरकार से मोह भंग हो गया है, प्रदेश की जनता अब महसूस कर चुकी है कि भाजपा को वोट डालना एक भूल थी।

जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भाजपा की साय सरकार रिमोट से चलने वाली सरकार है। पिछले 09 माह में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है,बच्चे सुरक्षित नही है,बहने सुरक्षित नही है,महिलाएं सुरक्षित नही है,देश का चौथा स्तम्भ पत्रकार सुरक्षित नही है, प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है, लालू राठौर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ये जनता का बीड़ा उठाया है कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ की जनता को भाजपा सरकार के भरोसे नही छोड़ेगी बल्कि प्रदेश की जनता को राहत मिले इस लड़ाई को प्रदेश की जनता के साथ मिलकर जनता की लड़ाई लड़ने के लिये एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने के लिये कमर कस कर तैयार है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बने महज 09 माह ही हुए है,इतने कम समय मे ही छत्तीसगढ़ की जनता बेतहाशा महंगाई की मार झेल रही है,भाजपा सरकार ने फरमान जारी कर सीमेंट के दामो में 50 रुपये प्रति बोरी की भारीभरकम बढ़ोतरी कर दी, विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि सीमेंट निर्माण कार्य के लिए महत्वपूर्ण निर्माण सामग्री है यह सीधे आर्थिक पहलू को प्रभावित करता है सीमेंट के दाम बढ़ने से महगाई बढ़ेगी जिसका ख़ामियाज़ा प्रदेश की जनता को उठाना पड़ेगा। किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य हो, चाहे वह पुल पुलिया हो, मकान हो, सड़क हो सीमेंट का अहम योगदान है,गरीब मध्यम वर्गीय परिवार अपना घर बनाता है या कुछ भी निर्माण कार्य करता है तो सीमेंट हर जगह इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में भाजपा सरकार ने सीमेंट के दामो में भारीभरकम बढ़ोतरी कर आम जनता को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम कर रही है। भाजपा सरकार के इस निर्णय से गरीब व्यक्ति का घर बनाने का सपना ही टूटता नजर आ रहा है, भाजपा सरकार को जहाँ जनता के हितों को ध्यान में रखना चाहिए था वहीं ठीक उसके उलट भाजपा सरकार जनता के विरोध में पूंजिपतियों और उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ने भी सम्भोधित किया व बढ़ती हुई सीमेंट के दामो और महंगाई भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे।

# टेंडर फार्म को लेकर कांग्रेस और भाजपाइयों में घमासान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 सितंबर।** डोंगरगढ़ में नवरात्रि पर्व के आयोजन पर नगर पालिका द्वारा विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व मीना बाजार के लिए 11 सितम्बर दिन बुधवार को ठेकेदारों से टेंडर फॉर्म जमा कराया गया जिसमें नियम विरुद्ध टेंडर फॉर्म जमा करने को लेकर भाजपा और कांग्रेस के नेता आपस में ही भीड़ गए। मामला इतना गरमा गया कि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती को भी नगर पालिका आकर कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होना पड़ा ।

कांग्रेसियों का आरोप है कि नवरात्रि के दौरान मेला में लगाए गए विद्युत व्यवस्था,पार्किंग व मीना बाजार के लिए बुधवार को शाम 5.30 बजे तक कुल 9 फॉर्म ठेकेदारों से लिए गए और 5.30 के बाद भी भाजपा नेताओं के दबाव में पालिका के कर्मचारियों द्वारा 4 एक्स्ट्रा फॉर्म जमा किया जा रहा था जिसका कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि 04 फॉर्म पहले से ही कर्मचारियों के पास जमा करके रखा गया था। जिसे नियम विरुद्ध बताकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष द्वारा दबाव पूर्वक छिन लिया गया, जो शासकीय कार्य में बाधा डालने की श्रेणी में आता है ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। मामले में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बताया कि मेला में टेंडर के लिए बुधवार को नगर पालिका में सीएमओ द्वारा 09 फार्म लेने के बाद एक भी फॉर्म नहीं लेने की बात की गई थी लेकिन भाजपा के नेताओं द्वारा जबरदस्ती 04 फॉर्म को दिया गया जिसकी जानकारी सीएमओ को भी नहीं है जो सुबह 10.30 बजे से यहां आए उनका फॉर्म जमा करे बाहरी लोगों का फॉर्म नहीं लेना चाहिए ।



मामले में प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि कांग्रेस विधायक और यहां के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा 09 फॉर्म को अपने हिसाब से बंटवाया गया और जो 04 फॉर्म आए हैं उनका रसीद कटवाने से मना किया जा रहा है। पिछले 5 साल कांग्रेस की सरकार में भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता नगर पालिका में टेंडर को लेकर नहीं आया। ठेकेदारों से क्या संबंध है कि आज विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष नगर पालिका में आकर ठेका दिलाने के लिए नगर पालिका में दबाव बना रहे हैं। उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने सीएमओ को निर्देश दिए। पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि टेंडर की कार्यवाही नियमानुसार की गई है जो भी आरोप लगाया गया है वह निराधार है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा शहर भाजपा अध्यक्ष अमित जैन पूर्व अध्यक्ष महेंद्र भाई पटेल महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव पार्षद अनीता लोकेश इंदुरकर तो वहीं कांग्रेस से नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम एब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहानए पार्षद मनोज साहू मनोहर कंडरा नरेश करसे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

समाचार संक्षेप

## छात्रावास अधीक्षक परीक्षा में परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र के साथ लाना होगा पहचान पत्र

**बीजापुर 15 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 15 सितम्बर 2024 रविवार को आयोजित छात्रावास अधीक्षक 'द' श्रेणी की भर्ती परीक्षा 2024 हेतु बीजापुर जिले में 13 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें 3303 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा अपरान्ह 12 बजे से 2:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाना है। परीक्षा दिवस में परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र से संबंधित आवश्यक जानकारी लेने के लिए कार्यालय कलेक्टर जिला बीजापुर में कन्ट्रोल रुम बनाया गया है। जिसमें श्री नारायण प्रसाद गवेल डिप्टी कलेक्टर मोबाईल नंबर 7746061391 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री ए. बसमैया एपीसी मोबाईल नंबर 9131997751 को सहायक नोडल अधिकारी, श्री जे. नारायण प्राचार्य मोबाईल नंबर 7000397682 को कॉर्डिनेटर, श्री गजेन्द्र यालम सहायक ग्रेड-03 मोबाईल नंबर 7987223089 एवं श्री रवेन्द्र कुमार जव्वा सहायक ग्रेड-03 मोबाईल नंबर 9399915068 को नियुक्त किया गया है। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र (मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पेन कार्ड/ आधार कार्ड) जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जावेगा एवं परीक्षा में किसी भी प्रकार का मोबाईल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उक्त परीक्षा कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु सुरक्षा एवं अन्य सभी प्रकार की पर्याप्त व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा पूरी की जा चुकी ।

## कलेक्टर ने एजुकेशन सिटी परिसर की कई संस्थाओं को किया निरीक्षण



**बीजापुर 13 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बुधवार को बीजापुर स्थित एजुकेशन सिटी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो का औचक निरीक्षण का वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सर्वप्रथम लाईवलीहूड कालेज पहुचकर विश्वकर्मा सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटरर इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल प्रशिक्षण का अवलोकन कर प्रशिक्षुओ से आवश्यक चर्चा कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन दिए। लाईवलीहूड कॉलेज में कम्प्यूटर-17, इलेक्ट्रिकल-14, सिलाई-20 प्रशिक्षार्थी, मोटर साईकिल-20, प्रशिक्षण ले रहे हैं।तत्पश्चात आदर्श कन्या आश्रम का निरीक्षण करते हुए छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट में शिक्षकों को विषय आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण दी जा रही कलेक्टर ने शिक्षकों को सेवा भाव एवं समर्पण के साथ बच्चो को शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत सिंगल विलेज कार्य का किया गया भूमिपूजन



**बीजापुर 13 सितम्बर।** भैरमगढ़ विकासखण्ड में जल-जीवन मिशन योजना तेजी से अग्रसर है, 8 सितम्बर को ग्राम करेंमरका में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत सोलर आधारित सिंगल विलेज कार्य का ग्राम करेंमरका में भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। उक्त योजना पूर्ण होने पर ग्राम में निवासरत 100 परिवार हर-घर जल योजना से लाभान्वित होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच श्री सोनारू पोयम एवं ग्रामवासियों द्वारा भूमिपूजन किया गया तथा स्थल पर उपअभियंता और ठेकेदार श्री विनोद कुमार ठाकुर उपस्थित रहे।

## शिक्षक डिगेश्वर कुमार साहू को विधायक रोहित साहू ने किया सम्मानित

**राजिम 13 सितंबर।** शिक्षा के क्षेत्र में,सामाजिक, साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोकप्रिय शिक्षक डिगेश्वर कुमार साहू शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ीटिकरा को राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने पर आदरणीय विधायक महोदय रोहित साहू जी द्वारा शाल ,श्रीफल,पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया शिक्षक व्दारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने और गरियाबंद जिला का नाम रोशन किया जिससे क्षेत्र के शिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है ज्ञात हो कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ीटिकरा में कार्यरत शिक्षक डिगेश्वर कुमार साहू पिता श्री परदेशी राम साहू माता श्रीमती चमेली साहू को 5 सितम्बर 2024 को राजभवन, रायपुर में शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेंन डेका के करकमलों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं नवाचारी गतिविधियां करने हेतु राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

# सील चेन माउण्टेन चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार,दूसरा फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम/पाण्डुका 13 सितंबर।** 11 सितंबर को प्रार्थी फागूलाल नागेश सहायक खनिज अधिकारी जिला गरियाबंद थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश किया कि दिनांक 10.09.2024 को कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम कुटेना के ग्रामीणों द्वारा पैरी नदी घाट में रात्रि को हो रहे अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत किया गया था जो कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम व नायब तहसीलदार कार्यालय छुरा व राजस्व, खनिज विभाग की टीम के साथ कुटेना पैरी नदी क्षेत्र में पहुंचे जहां पर नर्सरी स्थित घने पेडों के मध्य एक चैन माउण्टेन मशीन खड़ा होना पाया गया। द्वारा विगत 3-4 दिवस से अवैध रेत उत्खनन किये जाने बताने से उक्त मशीन को अन्य ऑपरेटर बुलवाकर चैन माउण्टेन को चालू करने का प्रयास किया गया चालू नही होने एवं अत्यधिक रात्रि होने के कारण मशीन को मौके पर सीलबंद कर ग्राम कोटवार बृजलाल कोसरे को सुपुर्दगी में दी गई। दुसरे दिन दिनांक 11.09.2024 को सुबह अपनी टीम के साथ ग्राम कुटेना आये, देखे तो मशीन नही था तब गांव वालों एवं आसपास के लोगों से मशीन के संबंध में पुछताछ करने पर कामता प्रसाद निषाद के द्वारा चैन माउण्टेन मशीन का ताला तोडकर सुरेन्द्र साहू ग्राम कुटेना एवं ललित कुमार सिंह उर्फ संजय बिहारी निवासी बिहार के द्वारा ले जाना बताये कि उक्त चैन माउण्टेन मशीन को बिना अनुमति के चोरी कर ले जाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही हेतु लिखित आवेदन पेश करने पर धारा 303(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गरियाबंद अमित तुकाराम काम्बले के निर्देश एवं अति0 पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर व एस.डी.ओ.पी. गरियाबंद निशा सिन्हा के द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना पाण्डुका पुलिस एवं सायबर टीम को प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु हिदायत दिया गया था। परिणाम फलस्वरूप विवेचना के दौरान चोरी गई चैन माउण्टेन एवं आरोपीगणों की पतासाजी सक्रिय कर दिया गया। आरोपी के प्राप्त मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी ललित कुमार सिंग उर्फ संजय बिहारी पिता स्व0 राजेन्द्र सिंग उम्र 48 वर्ष साकिन मठ योगेन्द्र गिरी थाना बैरिया जिला बलिया (उ0प्र0) हाल पता डाक बंगला वार्ड पोस्ट ऑफिस के पास धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी (छ0ग0) को महादेव घाट फिंगेश्वर मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रकरण के एक अन्य आरोपी सुरेन्द्र साहू को उसके ग्राम कुटेना जाकर पतासाजी किया जा रहा है जो फरार होना पाया गया।

# वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केन्द्रों में लिया जा रहा है बच्चों का वजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 13 सितंबर।** बीजापुर में कलेक्टरश्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार आगामी 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चकियार द्वारा बताया गया कि वजन त्यौहार मनाने का मूल उददेश्य बच्चों के वजन के माध्यम से बच्चे के पोषण स्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने हेतु कराया जाता है। बच्चों में सामान्य तौर पर कुपोषण के तीन स्वरूप है -अल्प वजन, बौनापन और, दुबलापन की जानकारी वजन त्यौहार के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का वजन एवं ऊंचाई माप कर एकत्र किया जाता है और इसके निदान हेतु कार्यवाही की जाती है। अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में आयोजित होने वाले वजन त्यौहार प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जायेगा। जिले में कुल 1179 संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो में दर्ज 0 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का माप लिया जावेगा। इसके तहत लगभग 32584 बच्चों का वजन एवं ऊँचाई का माप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के माध्यम से लिया जाना है। वजन त्यौहार को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतो एवं नगरीय क्षेत्रों पर मुनादी कर, दीवाल में नारा लेखन, घर-घर आमंत्रण कार्ड वितरण कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



## खुशबू ध्रुव का नवोदय विद्यालय में चयन



**फिंगेश्वर 13 सितंबर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारूला,संकुल केन्द्र बिजली की छात्रा कु.खुशबू ध्रुव का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू एवं प्रधानपाठक लता ध्रुव ने मुँह मीठा कराकर स्वागत करते हुए कलम भेंटकर बधाई दी.इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि खुशबू का नवोदय विद्यालय में चयन होना शाला के लिए काफ़ी गौरव की बात है, सभी बच्चों को उनकी मेहनत एवं लगन शीलता को देखकर उनसे प्रेरणा लेने की बात कही. उन्होंने आगे कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती.परिश्रम सफलता की कुंजी है. सकारात्मक सोंच रखते हुए कड़ी परिश्रम करने से निश्चित सफलता मिलती है.खुशबू ध्रुव के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, देवेंद्र बहल,अनिल ध्रुव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, संकुल समन्वयक भुवन यदु,शिक्षक हीरामन साहू, मोती ध्रुव, रितु ध्रुव कमलकांत सेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, माता -पिता व शुभचिंतको ने बधाई दी।

# तकनीकी शाखा के अधिकारियों की गलती से रेलवे को लगा करोड़ों का चूना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर।** 72 घंटे बाद पनियाजोब बोरतलाव के बीच नवनिर्मित तीसरी रेल लाईन पर यातायात बहाल कर दी गई है परंतु सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए तीसरी रेल लाईन पर चलने वाली रेलगाड़ियों की गति 30 kmph की रफ्तार से चलाने का रेलवे के द्वारा आदेश दिया गया है और 12 सितम्बर को कुल 03 रेलगाड़ी को तीसरी रेल लाईन पर यातायात की अनुमति दी गई है परंतु जानकारों का मानना है कि किसी भी रेल लाईन पर 10 च.रूक्क॥ से 30 च.रूक्क॥ तक की गति से जाने की अनुमति विशेष परिस्थितियों में दिए जाते हैं। नियमानुसार मौके पर उपस्थित सक्षम अधिकारी जो जब यह विश्वास हो कि ट्रेन सुरक्षित निकल जायेगी तो 10 से 30 च.रूक्क॥ में जाने का अनुमति लिखित में ट्रेन ड्राइवर को दिया जाता है। इस आदेश से यह साफ साबित होता है कि रेलवे के सक्षम अधिकारी प्रमुखता से समाचार प्रकाशित करने वाले पत्रकारो को गलत साबित करने के इरादे से इस तीसरी रेल लाईन पर यातायात बहाल तो कर दिया गया है परंतु रेलवे के दावे के अनुसार 24 घंटे में मात्र 03 मालगाड़ियों को तीसरी रेल लाईन पर पास कराया गया है किंतु प्रश्न यह उठता है कि तीसरी रेल लाईन सामान्य हो चुका है तो इस प्रकार का कासन ऑर्डर जारी करना कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे है। नागपुर रेलवे प्यारो के द्वारा यह प्रेस नोट जारी किया गया है कि दिनांक 09.09.2024 को शाम 06.00 बजे से दिनांक 10.09.2024 के सुबह 08.00 बजे तक 200 द्वद्ब मूसलाधार बारिश हुआ जिसके कारण बोरतलाब परिक्षेत्र का पानी तीसरी लाइन के कटिंग में घुस गया था। मौसम विभाग, रायपुर (छ.ग.) के अनुसार 09.09.2024 को रात्रि 10.30 बजे स्न्द्यड्डह्यद्ध स्न्द्यश्नश्नस्र ऋद्धह्यद्म का चेतावनी भी दिया गया था। चूंकि लगातार मुसलाधार बारिश होने के कारण आस-पास पानी इस तीसरी लाइन के कटिंग में घुस गया तथा पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण रेल ट्रैक के आस-पास की गिट्टी बह गई । तत्काल गिट्टी भरने का कार्य शुरू किया गया और यह कार्य दिनांक 10.09.2024 को शाम 06.00 बजे तक पूर्ण कर लिया गया ।



इस के अलावा सब-वे /एल एच एस क्र.474 के दक्षिणी छोर में स्थित बम्लेश्वरी पहाड़ एवं मेला मैदान का पानी सब-वे के अंदर घुस गया। पानी का लेवल दिनांक 10.09.2024 को सुबह 04.00 बजे और बढ़ गया था जिसके कारण रेलवे के द्वारा सब-वे से आवागमन बंद करना पड़ा। सब-वे से पानी निकालने के लिए 04 पंप लगाए गए और पानी निकालने का काम लगभग 17 घंटे में पूरा किया गया और इस कार्य के दौरान संरक्षा के मद्देनजर इस एल एच एस से सड़क यातायात बंद रखा गया था।

रेलवे के सक्षम अधिकारी के द्वारा यह जानकारी दी गई परंतु इसके विपरीत अधिकारियों की लापरवाही के कारण जानकार बताते हैं कि लगभग 10 करोड़ के ऊपर का नुकसान रेलवे को हुआ होगा। रेल लाईन का गिट्टी बहने के कारण एक रेक बोगीयो में गिट्टी भरकर रातोंरात बुलाया गया और रेलवे के किलोमीटर क्रमांक 943 से लेकर 941 के सुरंग तक गिट्टी डालने के बाद आनन फानन में कासन ऑर्डर के साथ रेलगाड़ी का परिचालन प्रारम्भ कर दिया गया है। अधिकारियों की गलती के कारण अभी तक रेलवे को लगभग 10 करोड़ से अधिक का नुकसान हो चुका है उसके बाद डिवीजन के अधिकारियों के द्वारा मामले को लीपापोती करने का प्रयास तेज कर दिया है। इसको लेकर बोरतलाव स्टेशन मास्टर शिव कुमार कंवर से चर्चा करने पर बताया गया कि 30च.रूक्क॥ की स्पीड से रेलगाड़ी का यातायात प्रारम्भ कर दिया गया है और सुबह से ही इस रेल लाईन पर रेलगाड़ियों की आवागमन की जा चुकी है। पूरे मामले से अधिकारीयों के लिखित नोटशीट व परिचालन करने वाले स्टेशन मास्टर के बयान में भारी अंतर है जो रेलवे बोर्ड,अध्यक्ष सहित रेल मंत्री व सासँद के लिए जाँच का विषय बन गया है।

**एक नजर**

### राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 20 सितंबर तक मनाया जाएगा वजन त्योहार



छुरा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 12 से 20 सितंबर 2024 तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्योहार का आयोजन किया गया है।वजन त्योहार का उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर का आंकलन करना है, जिसमें समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण रहेगी। इस वर्ष जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार आयोजित किया गया है। इसके तहत 0-6 वर्ष आयु के बच्चों के वजन और ऊंचाई का मापन किया जाएगा और उनका पोषण स्तर जांचा जा रहा है।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सिमगा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 12 सितम्बर को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम डमरू एवं ग्राम कंजी में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 03 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 9850 कीमत मूल्य का कुल 30 लीटर महुआ शराब एवं 35 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 604, 605/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर, तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

कैबिनेट मंत्री व सांसद ने किया 10 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

# नगर की पहचान नागरिकों के विलक्षण गुणों से हो : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

- निर्माण कार्यों के साथ सांस्कृतिक विकास भी जरूरी - राजस्व मंत्री
- एक करोड़ से अधिक के लागत के विकास कार्यों की मिली मंजूरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 सितम्बर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 10 करोड़ 34 हजार रुपये लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया।इसमें नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में 7 करोड़ 3लाख 98 हजार रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं 2करोड़ 96 लाख 36हजार रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 50 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया।सांसद अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल की मांग पर लगभग एक करोड़ 26 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि नगरपालिका को सुंदर बनाने में सबकी भागीदारी होनी चाहिए। आपसी भाईचारा के साथ खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी सामूहिक जिम्मेदारी लेनी होगी। निर्माण सम्बन्धी विकास कार्यों के साथ ही सांस्कृतिक विकास पर भी ध्यान देना होगा। सांसद अग्रवाल ने कहा कि शहरों में निर्माण कार्य लगातार बढ़ रहे है, निर्माण के साथ उसका संरक्षण करना भी नागरिकों का कर्तव्य है। नगर की पहचान केवल अच्छी सड़कें, बिजली, पानी ही नहीं बल्कि वहां के नागरिकों के प्रतिभा एवं गुणों से भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर को सुन्दर बनाने में नागरिकों को जिम्मेदारी लेनी होगी।कार्यक्रम को पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।

इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण - अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य लागत राशि 5 करोड़, वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में गार्डन चौक से मणिकंचन केंद्र होते हुए रिस्दा रोड तक सीसी रोड निर्माण लागत राशि 98.34 लाख, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत विभिन्न सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत राशि 45.90 लाख रुपये, षष्ठी देवी मंदिर के पास सौंदर्यीकरण कार्य 35 लाख रुपये, अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड क्र.-2 तहसील ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण कार्य 24.74 लाख रुपये का भूमिपूजन तथा वार्ड क्र.-10 मण्डी कॉम्प्लेक्स के पास बाह्य विकास कार्य 79.26 लाख रुपये, हाट बाजार निर्माण कार्य 45 लाख, नगर भवन जीर्णोद्धार कार्य 92.10 लाख, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत पौनी पसारी निर्माण कार्य 60.00 लाख एवं अम्बेडकर चौक के पास सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 20 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

**इन कार्यों की मिली स्वीकृति -** स्ट्रीट लाईट के लिए 50 लाख रुपये, आर.सी.सी. रोड निर्माण के लिए 66 लाख रुपये एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ.सनम जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, कलेक्टर दीपक सोनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, जनपद अध्यक्ष सुमन वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सहित पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सिमगा में लगातार बढ़ रहा अपराध, लोगों में दहशत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 13 सितम्बर।** नगर एवम आस पास के छेत्र में लगातार बड़ते अपराध से लोग डरे हुए है, पुलिस अपराधियों के पकड़ने में नकाम। चारों तरफ पुलिस की नकामी की चर्चा, अपराधियों के हौसले बुलंद है।

जानकारी के अनुसार सिमगा नगर एवम आस पास के इलाकों में लगातार अपराध बड़ रहे है। कुछ दिन पूर्व सिमगा थाना के अंतर्गत सोना चांदी व्यापारी से लाखों रुपए की लूटपाट की गई, गोलियां भी चली जिसे लोग आज भी डरे और सहमे है और उस मार्ग से आने जाने वाले व्यापारी एवम जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। लुटेरों का कोई सुराग नहीं है अभी तक। नगर में इन दिनों चोरी की घटना लगातार हो रही है, सुने घरों में लगातार चोरियां हो रही है, चोर आराम से चोरी करके निकल जाते है, वही पुलिस अपने खोखले वादों पर टिकी हुई है, अपराधियों पर पुलिस का जरा डर नजर नहीं आता। दो से तीन दिन पूर्व ग्राम खेरगट में चाकू बाजी की घटना भी घटी थी जिसमें एक व्यक्ति को काफी गंभीर चोटे आई थी, जिस तरह से अपराधियों के हौसले बुलंद है इससे ऐसा प्रतीत होता है की कोई बड़ी वारदात ना घट जाए । नसे की गोलियां आराम से युवकों को उपलब्ध हो जाती है। और यही चीजे अपराध को बढ़ावा दे रही है। कुछ दिन पूर्व एक बुजुर्ग महिला का शव थाना परिसर में मिलता है। आखिर बढ़ते अपराधो का जवाबदार कौन है, सिमगा थाना अपराधियों के सामने बहुत कमजोर लग रहा है। लोग डरे हुए है और अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। पुलिस की नाकामी की चर्चा चारों तरफ हो रही है। वहीं भाटापारा एसडीओपी ने कहा कि, एस आई टी टीम का गठन किया गया है बहुत जल्द अपराधी हमारी पकड़ में होंगे। सिमगा नगर एवम हाईवे में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाने की बात भी उन्होंने कही।

### विधायक साव ने सिमगा के गणेश पंडालों में पहुंच किया दर्शन



सिमगा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाटापारा विधायक इंद्र साव अपने साथियों सहित सिमगा नगर के चौक चौराहों में विराजमान भगवान गणपति बप्पा के दर्शन हेतु पंडालों में पहुंचे जंहा सदर मार्ग पर स्थित आर्यंस गणेश उत्सव समिति में विधायक इंद्र साव अपने साथियों सहित भगवान की मंगल आरती में शामिल हुए। भगवान के पूजा अर्चना उपरांत आर्यंस गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने विधायक इंद्र साव जिला महामंत्री शैली भाटिया एवं अन्य साथियों का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

## लापता युवक की मिली लाश, रामपुर व भठेली में ने फांसी लगाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 13 सितम्बर।** नगर पंचायत भठेली भखारा निवासी संजू यादव 55 वर्ष पिता जेठु यादव मंगलवार से लापता था। जिसकी लाश गुरूवार की दोपहर शराब दुकान के समीप बांस टाल गेट के पास मिली है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार संजू की लाश बांस टाल गेट के सामने नाली के अंदर पानी में औधे मुंह मिली जिसे एक महिला ने देखा। उसकी मौत संभवतः पानी में डुबने से हुई होगी। नाली में भरपूर पानी चलने के कारण उक्त युवक की लाश दो दिन तक दिखाई नहीं दे रहा था। पानी कम होने पर पैदल चल रही महिला की नजर पड़ी। मृतक शराब दुकान में काम करता था। भखारा पुलिस शव पंचनामा के बाद आगे के कार्रवाई में जुट गई है।वहीं दूसरी मामला भखारा थाना अन्तर्गत ग्राम रामपुर से है जिसमें गुरूवार को पंचायत कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर ने सीलिंग फेन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह ऑफिस खोला उसके बाद अपने टेबल के ऊपर ही लगे पंखे में फांसी लगा लिया! मृतक डीकेश साहू उम्र 35 वर्ष रामपुर वार्ड का ही निवासी है। आत्महत्या कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है।वहीं तीसरी मामला नगर पंचायत भठेली भखारा से है जिसमें ग्राम भठेली निवासी एक नाबालिग खिलेन्द्र साहू 17 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिसे परिजनों देखते ही फांसी के फंदे से हटाया और सिविल अस्पताल कुरूद में दाखिल किया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक युवक की लाश को पोस्टमार्टम करने पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है।

### नाबालिग बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी द्वारा थाना गिधौरी में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 9 सितम्बरको इसकी नाबालिक पुत्री को आरोपी देवेन्द्र द्वारा बहला, फुसलाकर, अपने सांथ मोटरसाइकिल में बैठाकर कहीं ले गया एवं उसके साथ दुष्कर्म किया है। सांथ ही इसके बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया है। कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध क्र. 186/2024 धारा 137(2), 65(1), 351(2) बीएनएस एवं 04, 06 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस टीम द्वारा रिपोर्ट दर्ज होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी देवेंद्र को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा नाबालिक बालिका को बहला, फुसलाकर भगा ले जाकर, उसके साथ दुष्कर्म की घटना करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र उम्र 22 साल निवासी ग्राम गिधौरी थाना गिधौरी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. छ्त्र12 क्ष्स्र 4402 को जप्त किया गया है तथा आरोपी को 12 सितम्बर को गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।


**कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण बोरतलाव डोंगरगढ़**
वन एवं जल परिवर्तन विभाग, राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
E-mail:-Southbortalab@gmail.com, Phone-07823-232047

विषय- वन अधिकार पत्र पर फौती नामांत्रण किये जाने बाबत्।
वन परिक्षेत्र दक्षिण बोरतलाव कक्ष क. 579 पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-
1. श्रीमति देवकी बाई पति सतानंद साहु आयु 36 वर्ष
2. सुकदेव साहु आयु 19 वर्ष
3. मिथलेश कुमार साहु आयु 17 वर्ष
4. सुजल साहु आयु 14 वर्ष

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका
1. श्रीमति देवकी बाई पति सतानंद साहु आयु 36 वर्ष
2 सुकदेव साहु आयु 19 वर्ष
3. मिथलेश कुमार साहु आयु 17 वर्ष
4. सुजल साहु आयु 14 वर्ष

तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ. ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। कि ग्राम, मंगीखुटा तहसील डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव वनपरिक्षेत्र दक्षिण बोरतलाव के कक्ष क्र. 579 में 2.023 हे. वनभूमि से प्राप्त वनअधिकार पत्र प्राप्त श्री संतानंद साहु के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का वनअधिकार धारक के मृत्यु हो चुकी है। जिसके पश्चात् उसके वारिशन के नाम से नामांतरण फौती नाम किया जाना है।

अतः उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो ईस्तीहार प्रकाशन दिनांक...... से एक सप्ताह तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी
दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र


## धूमधाम से मनाया सप्तर्षि कश्यप जन्मोत्सव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 13 सितम्बर।** केसरवानी मंगल भवन में कश्यप जन्म उत्सव कर कार्यक्रम केसरवानी नगर सभा के द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया उक्त कार्यक्रम में समाज की प्रदेश संरक्षक विजय केसरवानी बलोदा बाजार वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित बिलासपुर प्रदेश के महामंत्री निलेश गुप्ता कोरबा घनश्याम गुप्ता रायपुर

एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष विभा केसरवानी की उपस्थिति में नगर सभा भाटापारा में संपन्न हुआ सर्वप्रथम सप्तर्षि कश्यप जी की चित्र पर प्रदेश के संरक्षक विजय केशरवानी के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया एवं इसके बाद कश्यप जी की आरती एवं वंदना गीत गाया गया तत्पश्चात महिला सभा के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं मंच पर आसीन सभी अतिथियों के द्वारा उद्बोधन एवम मार्गदर्शन नगर सभा भाटापारा को प्राप्त हुआ एवं पूर्व अध्यक्ष एम एल केसरवानी एवं चंद्र मोहन केसरवानी वरिष्ठ समाज सेवक को केसर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक केशरवानी राजा ने किया पूरे कार्यक्रम में मुख्य रुप से समाज के समाज रत्न गरीबा लाल केशरवानी नगर अध्यक्ष प्रदीप केशरवानी महामंत्री प्रवीण केसरवानी मोहन लाल, रामनारायण विनोद वैभव अशोक प्रभु लाल कमल, अमित केसरवानी मयंक तरूण सभा से अध्यक्ष राहुल पूर्व अध्यक्ष सौरभ प्रांजल अक्षत पंकज अमित अभय अमन एवं महिला सभा से संरक्षक मनीषा केसर वानी, सरिता केशरवानी, सुमित्रा केशरवानी, कांति केसरवानीमहिला सभा अध्यक्ष बबीता सचिव रजनी सोनाली सपना हर्ष मयूरी जी पदमा रीता एवं नगर सभा एवं युवा इकाई की टीम उपस्थिति थी उपरोक्त जानकारी महामंत्री प्रवीण केशरवानी ने दी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202409092300021- -अ/74-वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीनदयाल साहू पिता पुरन साहू जाति तेली निवासी ग्राम बिल्हरी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने भाई रतनलाल पिता पुरन साहू जाति तेली का दिनांक 14.01.2024 को ग्राम बिल्हरी में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने भाई रतनलाल पिता पुरन साहू जाति तेली का दिनांक 14.01.2024 को ग्राम बिल्हरी में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.09.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409092200053**
विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
अछोली (प.ह.न. 00022),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- विजया श्रीवास्तव,
अनावेदक पक्षकार- अशोक कुमार,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका विजया श्रीवास्तव पति स्व. अजय श्रीवास्तव उम्र 58 वर्ष जाति कायस्थ निवासी 452, 453 फुटबाल हाउस के पीछे सुंदर नगर रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका विजया श्रीवास्तव के एकल नाम से भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम अछोली प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में स्थित है जिसका खसरा नम्बर 103/24, 103/25 रकबा 0.010, 0.032 हे. भूमि स्थित है जो कि आवेदिका के ऋण पुस्तिका मेनुवल रिकार्ड में भी दर्ज है पूर्णतः सत्य एवं सही है। जिसे आवेदिका द्वारा विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया था जिसका नामान्तरण दिनांक 15.06.2014 है। किन्तु आवेदिका द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि का बी-1. खसरा एवं नक्सा निकालने की कोशिश की गई तो पता चला की उपरोक्त दोनों खसरे आवेदिका के नाम से ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी -1. खसरा एवं नक्शा में दर्ज नही होकर ख.न. 103/24 अशोक कुमार पिता दशरथ सिंह जाति यादव सा. डोंगरगढ़ एवं ख.न. 103/25 मुकेश खोब्रागड़े पिता कृष्णकुमार जाति महार सा. अछोली के नाम पर दर्ज है। अतः आवेदिका विजया श्रीवास्तव द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार कर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय विक्रय पत्र की छाया प्रति, नामांतरण पंजी की छाया प्रति, ऋष्ट्र पुस्तिका की छाया प्रति, एवं वर्तमान बी-1 की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.09.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409092200054**
विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
चौथना (प.ह.न. 00026),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- विजया श्रीवास्तव,
अनावेदक पक्षकार- नूरजहाँ खतीजा बेगम,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका विजया श्रीवास्तव पति स्व. अजय श्रीवास्तव उम्र 58 वर्ष जाति कायस्थ निवासी 452, 453 फुटबाल हाउस के पीछे सुंदर नगर रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका विजया श्रीवास्तव के एकल नाम से भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम चौथना प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में स्थित है जिसका खसरा नम्बर 50/147, 50/148 रकबा 0.016, 0.016 हे. भूमि स्थित है जो कि आवेदिका के ऋण पुस्तिका मेनुवल रिकार्ड में भी दर्ज है पूर्णतः सत्य एवं सही है। जिसे आवेदिका द्वारा विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया था जिसका नामान्तरण दिनांक 12.02.2014 है। किन्तु आवेदिका द्वारा अपनी उपरोक्त भूमि का बी-1, खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशिश की गई तो पता चला की उपरोक्त दोनों खसरे आवेदिका के नाम से ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड बी -1, खसरा एवं नक्शा में दर्ज नहीं होकर ख.न. 50/147, 50/148 नूरजहाँ खतीजा बेगम जौ मो. इकरामुद्दीन गोरी जाति तेली सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। अतः आवेदिका विजया श्रीवास्तव द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार कर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय विक्रय पत्र की छाया प्रति, नामांतरण पंजी की छाया प्रति, ऋण पुस्तिका की छाया प्रति, एवं वर्तमान बी-1 की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.09.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**संचालनालय**
**आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**
E-mail: trti.cg@nic.in, Website: www.cgtrti.gov.in,
Phone: 0771-2960530, Fax: 0771-2960531

क्र./टीआरआई/निर्माण/2024/1535 — नवा रायपुर, दिनांक 11/09/2024

**//संक्षिप्त निविदा सूचना//**

आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में स्थापित 04 नग लिफ्ट का वार्षिक रख-रखाव अनुबंध कार्य खुली निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म एवं निविदा शर्तें 500/- रूपये मात्र नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में दिनांक 04.10.2024 समय- शाम 5.00 बजे तक कार्यालय संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर 24, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 07.10.2024 को शाम 5.00 बजे तक केवल डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा की जा सकती है तथा प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 09.10.2024 को दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी। ई-मेल अथवा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

संचालक
आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
जी-242502447/4


## जोरातराई में स्कूली छात्राओं को वितरित की गई साइकिल




**भखारा, 13 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरातराई(अंवरी)में बुधवार को कक्षा नवमीं की 12 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत बीपीएल छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया इस अवसर शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश तारक, सरपंच खिलावन पाल ने सभी छात्राओं को रोजाना स्कूल आने और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए उत्साहित किया और सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दिया। उक्त अवसर पर शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य गोपाल राजपूत, संत राम साहू, बंशीलाल साहू, हिमेश्वरी साहू, प्राचार्य रेणुका बारले, शिक्षक गण एवं पालकों की उपस्थिति में साइकिल वितरित किया गया।


**कार्यपालन कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर**
**//संक्षिप्त निविदा//**

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/एनआईटी.क्र.-07/1083/2024-25 — कांकेर, दिनांक 11/01/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से (दिनांक 01.01.2015 से लागू छ.ग. लोक निर्माण विभाग (भ/स) अनुसूची दर पर) निम्नांकित जीर्णोद्धार कार्य हेतु मैनुअल निविदा प्रथम बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु 'D' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे। प्रति निविदा पत्र की कीमत कार्य लागत अनुसार 750 रूपये है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह वर्षा ऋतु सहित होगी।

1. निविदा प्रपत्र आवेदन प्राप्त की अंतिम तिथि - 25/09/2024 (सायं 5.30 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 26/09/2024 (5.30 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 30/09/2024 (सायं 5.30 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 01/10/2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आदिवासी बालक आश्रम सिंगारभॉट 2 में जीर्णोद्धार कार्य | 6.00 | 5000 |
| 2 | आदिवासी कन्या आश्रम सिंगारभॉट में किचन शेड निर्माण कार्य | 3.55 | 3500 |
| 3 | आदिवासी बालक आश्रम मरदापोटी में जीर्णोद्धार कार्य | 8.00 | 6000 |
| 4 | आदिवासी बालक आश्रम पुसवाड़ा में जीर्णोद्धार कार्य | 10.00 | 7500 |
| 5 | आदिवासी बालक आश्रम ईरादाह में जीर्णोद्धार कार्य | 4.00 | 4000 |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कांकेर
जी- 242502437/4

**कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**(आदिवासी विकास शाखा)**
phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@nic.in

**::संक्षिप्त निविदा::**

क्रमांक 1403/आ.वि./निर्माण/2024-25 — दन्तेवाड़ा, 11/09/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों के लिए प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर शासकीय निर्माण विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा भवन निर्माण कार्यों के लिए जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित लागू होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर नियत तिथि एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा के नाम से होगा।

1. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कर कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि - 30/09/2024 सायं 5.00 बजे तक
2. भरे हुए निविदा प्रपत्रों की मुहरबंद लिफाफे कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि - 03/10/2024 सायं 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 04/10/2024 सायं 5.30 बजे।

| क्र. | कार्य/स्थान का नाम | विकास खण्ड | लागत (लाखों में) | अमानत राशि (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नवा गुरूकुल बालक छात्रावास जावंगा में भवन मरम्मत कार्य। | गीदम | 17.44 | 0.14 | प्रति कार्य की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750/- रू. होगी। उक्त कार्य हेतु 'D' श्रेणी या अधिक के ठेकेदार भाग ले सकते हैं, तथा कार्य 03 माह के भीतर पूर्ण करना होगा। |
| 2 | नवा गुरूकुल बालक छात्रावास जावंगा में किचन शेड निर्माण कार्य। | गीदम | 5.16 | 0.04 | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास दंतेवाड़ा
जी-242502451/3

एक नजर

## बीरगांव में डीजे जब्त



**रायपुर, 13 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में एक फोन कॉल पर समस्या का निराकरण हो रहा है। बीरगांव के गणेश पंडाल में निर्धारित समय से अधिक होने के बावजूद तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। जिसकी जानकारी जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन कॉल के माध्यम से मिली। उधर तत्काल जिला प्रशासन की टीम को रवाना किया गया और जिस पर जिला प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के राजेंद्र नगर निवासी संजय लकड़ा ने कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में फोन किया। उन्होंने गणेश पंडाल में तेज आवाज और निर्धारित समय से ज्यादा होने के बाद भी डीजे बजाने की शिकायत की। तत्काल जिला प्रशासन की टीम को जानकारी देकर मौके के लिए रवाना किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने वहां पहुंचकर डीजे को बंद कराया और संबंधित पर कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निर्देश दिए है कि बड़े आयोजन एवं त्यौहारों में तेज आवाज और समय से अधिक होने के बाद भी डीजे का संचालन नहीं किया जाना है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने डीजे संचालकों को बुलाकर सख्त चेतावनी भी दी थी, लेकिन इसके बाद भी नियम का पालन नहीं करने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## अपराधियों के मकान न तोड़े जाएं सीएम से आहूजा ने की अपील

**रायपुर, 13 सितम्बर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने एक बयान में मुख्यमंत्री से अपील की है कि अन्य प्रदेशों की तरह अपराधियों के अपराध के कारण उनके मकान न तोड़े जाये।



उल्लेखनीय है कि कई प्रदेश में अपराधियों के अपराध के कारण उनके मकान तोड़े जा रहे है। अपराधियों के परिजनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है जो कि गलत है। यदि मकान में अवैध निर्माण हो तो तभी मकान तोड़े जाये अन्यथा नहीं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का भी फैसला आ गया है कि अपराधियों के मकान न तोड़े जाये। मकान तभी तोड़े जाये जब अवैध निर्माण हो। आहूजा ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है तथा पूरे भारत के हर राज्य में इसे लागू करने की अपील की है। खासकर छ.ग. के मुख्यमंत्री से अपील की है वे इसे अपने राज्य में लागू करें।

## त्यौहारी सीजन, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने अलर्ट जारी

**रायपुर, 13 सितम्बर।** त्यौहारी सीजन शुरू होते ही खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका भी बढ़ गई है। प्रतिवर्ष गणेशोत्सव से लेकर दीपावली और नववर्ष तक दूध एवं दूध से बनी मिठाईयों व उत्पादों की जोरदार मांग बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए (एफएसएसएआई) खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता प्राधिकरण ने राज्य सरकार को एक अलर्ट जारी किया है। इसमें खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग से कहा है कि इस त्यौहारी सीजन में मिठाई, दूध और दूध से बने पनीर, दही, घी खोवा आदि की गुणवत्ता, मिलावट जांचने अभियान चलाया जाए। ज्ञात हो कि इसके पूर्व के वर्षों में भी राजधानी रायपुर सहित आसपास के बड़े शहरों में नकली खोवा, मावा, दूध, पनीर, मिलावटी मिठाईयां पकड़ी जा चुकी है। खाद्य विभाग ऐसे मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थ तो जब्त करती है, लेकिन इसके बाद भी मिलावटखोरों के हौसले बुलंद है। लिहाजा इस वर्ष त्योहारी सीजन में किस तत्परता से मिलावटी सामानों की जांच होती है, यह देखने वाली बात होगी।

# भाजपा के पूर्व व वर्तमान पार्षद टिकिट की दौड़ में शामिल

### दक्षिण विधानसभा उपचुनाव

**रायपुर, 13 सितम्बर।** दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की दुदुंभी बजने के पहले ही रणक्षेत्र में बतौर सेनापति उतरने दावेदारों ने व्यूह रचना शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि उक्त सीट बृजमोहन अग्रवाल के विधानसभा से इस्तीफा दिए जाने के कारण रिक्त हुआ है। अग्रवाल विधानसभा चुनाव जीते थे। उन्हें शिक्षा व संसदीय कार्य मंत्री बनाया गया था। बाद में उन्हें रायपुर सीट से लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बनाया गया। वे अब लोकसभा सदस्य हैं। जब भी कोई विधानसभा किसी भी कारण से खाली होती है तो वहां छः माह के भीतर उपचुनाव कराना होता है। बृजमोहन अग्रवाल को त्यागपत्र दिए अभी छः माह नहीं हुए हैं।

बृजमोहन के स्थान पर दक्षिण विधानसभा का विधायक बनने भाजपा में महत्वाकांक्षी नेताओं की कमी नहीं है। इस सीट से बृजमोहन अपराजेय रहे हैं। यही कारण है कि इस सीट से भाग्य आजमाने की इच्छा रखने वाले नेताओं की कतार लगी है। टिकिट के दावेदारों को लगता है कि मोहन भैया के प्रभामंडल के कारण उनकी जीत निश्चित है। वैसे भी इस सीट को भाजपा वोटरों का माना जाता है। बृजमोहन अग्रवाल का खासा प्रभाव है। कहा तो यह भी जाता है कि इस विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेसी भी बृजमोहन के प्रभाव में हैं। भाजपा जिसे भी टिकिट देगी उसकी बृजमोहन इफेक्ट के कारण जीत निश्चित है। वैसे माना तो यह जा रहा है कि बृजमोहन अग्रवाल की पसंद का ध्यान टिकिट वितरण में रखा जाएगा। क्योंकि प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी उन्हीं को ही दी जाएगी। दक्षिण विधानसभा में ज्यादातर अभिजात्य वर्ग, पढ़े-लिखे तथा व्यवसायिक लोग रहते हैं। दक्षिण विधानसभा को बृजमोहन का गढ़ माना जाता है। लिहाजा भाजपा की टिकिट के दावेदारों का सोचना यह है कि विधायक बनने का यही सुनहरा अवसर है। यही वजह है कि दावेदारों की फेहरिस्त लंबी है। टिकिट के दावेदरों में प्रमुख रूप से सुनील सोनी, संजय श्रीवास्तव, केदारनाथ गुप्ता, मृत्युंजय दुबे, विजय मिश्रा, श्रीमती मीनल चौबे के नाम हैं। सुनील सोनी पार्षद, सभापति, महापौर व सांसद रह चुके हैं। संजय श्रीवास्तव पूर्व में उत्तर विधानसभा के वार्ड से पार्षद एवं नगर निगम के सभापति रह चुके हैं। पेशे से इंजीनियर संजय तथा होटल व जड़ी-बूटी के व्यवसायी केदारनाथ गुप्ता वर्तमानमें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं। मृत्युंजय दुबे तीन बार पार्षद होने के साथ ही भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता हैं। मीनल चौबे नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं। इन नामों के अलावा पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के परिवार से भी नाम सामने आए हैं। भाजपा में कई बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके ओंकार बैस भी टिकिट की दौड़ में शामिल हैं। भाजपा में यह आवाज भी उठ रही है कि बृजमोहन अग्रवाल के परिवार से उनके भाई विजय या योगेश अग्रवाल को टिकिट दी जाए। दूसरी ओर बृजमोहन के निज सहायक मनोज शुक्ला का भी नाम चल रहा है। भाजपा के एक और नेता अंजय शुक्ला भी दक्षिण विधानसभा से टिकिट के प्रबल दावेदार है।

गणेशोत्सव




1. पीला बंगला लोधीपारा रायपुर, 2. श्री सरस्वती ग्रुप गणेशोत्सव समिति रामसागरपारा रायपुर, 3. श्री राम परिवार गणेशोत्सव समिति पारस नगर उत्सव चौक गली नंबर-3 रायपुर 4. किशोर कल्चर कमेटी मेन रोड महाकालेश्वर मंदिर देवेन्द्र नगर रायपुर।

# नई मतदाता सूची बनाने के लिए साफ्टवेयर का किया जाएगा उपयोग

### अधिकारियों को आयोग दे रहा प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 सितम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन नामावली बनाने के लिए साफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है जिसके लिए आज आयोग में अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक साफ्टवेयर बनाया गया है जो कि एससीसीईआर के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण में किया जाता है। राज्य में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन शीघ्र शुरू होने वाला है। यह कार्य जिले के जिला निर्वाचन शाखा द्वारा कराया जाएगा। इस कार्य को सुगम और आसान तरीके से करने के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों को इसका विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस सूची में सिर्फ नए नाम ही जोड़े जाएंगे जिससे मतदाता सूची बनाने में आसानी होगी। चूंकि वार्ड का परिसीमन हो गया है इसलिए मतदाता सूची वार्ड के आधार पर बनेगी। इस साफ्टवेयर से नई सूची बनाने में भी सहयोग मिलेगा।

**फोटोयुक्त मतदाता सूची बनाने टेंडर जारी:** विभिन्न जिलों के कलेक्टरों ने नगरीय निकाय एवं मतदाता सूची बनाने के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है। फोटोयुक्त मतदाता सूची बनाने के लिए नए सिरे से इसका मुद्रण करना होगा। इसके लिए पंजीकृत ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया है। बड़े प्रकाशक एवं प्रिंटर्स इस कार्य को करने के लिए उत्सुक हैं इसलिए वे टेंडर लेने के लिए औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं।

## कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट 15 को आएंगे

**रायपुर, 13 सितम्बर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 15 सितंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे. दो दिनों के प्रवास के दौरान पायलट वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें करेंगे.



जानकारी के अनुसार, पायलट के साथ दोनों नवनियुक्त प्रभारी सचिव एसए संपत कुमार और जरिता लैतफ्लांग भी छत्तीसगढ़ आएंगे. प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट प्रवास के दौरान नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर रणनीति बनाएंगे. इसके अलावा संगठन में बदलाव को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है.

# मौसम अनुकूल, धान की होगी रिकार्ड पैदावार

### धान खरीदी के लिए तैयारियां शुरू

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 सितम्बर।** प्रदेश में हो रही अनवरत वर्षा व मौसम धान की फसल के लिए अनुकूल है। कृषि विभाग के अधिकारियों को आशा है कि रिकार्ड पैदावार होगी। कृषि विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालू वर्ष में 48 लाख हेक्टेयर धान का रकबा है जिसमें से 38 लाख हेक्टेयर में धान की बोवाई की गई है।

पहले अल्प वर्षा हुई थी लेकिन बाद में मानसून मेहरबान हो गया जिसके कारण अब धान की बालियां आ गई है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार कई जिलों में धान के पौधों में कीड़े लगने की सूचना मिली है लेकिन मौसम साफ होते ही कीड़ों का प्रकोप समाप्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ में धान की फसल प्रमुख है। यहां पर प्रति वर्ष धान का समर्थन मूल्य और बोनस दिए जाने के कारण किसान धान की खेती पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। राज्य में अभी 23 लाख पंजीकृत किसान हैं। नया पंजीयन शीघ्र शुरू होने वाला है। अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष कुल एक लाख 42 हजार मीट्रिक टन धान के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। सरकार द्वारा एक लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जाएगा।



### चंद्रवंशी मंडी बोर्ड में पदस्थ

शासन के निर्देशानुसार बीज विकास निगम से केके चंद्रवंशी को कृषि मंडी विपणन बोर्ड में बतौर एडिशनल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। चंद्रवंशी ने बताया कि वे अपना कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। मंडी बोर्ड में फिलहाल सभी अस्थायी अधिकारी-कर्मचारी हैं। मंडी बोर्ड के एमडी उच्च राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अधिकारी हैं। जिनका कार्यकाल बढ़ाया गया है वहीं आके कुंभज भी अवकाश ग्रहण कर चुके हैं, उनका भी कार्यकाल बढ़ाया गया है। मैदान स्तर पर मंडी बोर्ड में अधिकारियों की कमी है। ज्ञात रहे धान खरीदी में मंडियों का उपयोग किया जाता है।

**धान खरीदी की तैयारियां शुरू:** राज्य में मार्कफेड के माध्यम से धान खरीदा जाएगा। इसके लिए 25 हजार करोड़ का ऋण लिया जाएगा। धान खरीदी के लिए 2025 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। बारदानों की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। राज्य के विभिन्न सहकारी बैंकों के माध्यम से नए सॉफ्टवेयर बनाए जा रहे हैं ताकि धान खरीदने के बाद किसानों के खाते में पैसा आ सके। राज्य में कुल बजट की एक तिहाई राशि धान खरीदी में लग जाती है। कलेक्टरों को धान के परिवहन एवं मिलिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# साढ़े 3 करोड़ से अधिक की हेराफेरी

**रायपुर, 13 सितम्बर।** गोपाल इंटरप्राइजेस फर्म में कार्य करने के दौरान 3 करोड़ 54 लाख से अधिक की राशि का हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दशरत कुकरेजा 62 वर्ष लाभांडी तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि गोपाल इंटरप्राइजेस फर्म में प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के दौरान आरोपी भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, रूपेश कुमार, फयाज, दिनेश व सैयद ने फर्म से 3 करोड़ 54 लाख 28636 रुपए का हेराफेरी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## चेक को वापस ना कर बैंक में लगाया

**रायपुर, 13 सितम्बर।** कोरा चेक को बैंक में लगाकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के आदेश पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार पाल 54 वर्ष ग्राम कुथरैल का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह आरोपी चंद्रकुमार बाघमारे 46 वर्ष से उधार पैसा लिया था, जिससे प्रार्थी ने आरोपी को कोरा चेक दिया था। जब प्रार्थी ने पैसा पूरा वापस कर दिया, उसके बाद आरोपी ने चेक वापस ना कर बैंक में लगाकर धोखाधड़ी किया।

## शराब दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 13 सितम्बर।** सिलतरा शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश गंधर्व 39 वर्ष कैलाश नगर बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एन 3926 को सिलतरा के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक को पार कर दिया।

# आईएएस अधिकारियों पर है शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 13 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आईएएस अधिकारियों पर शासन की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी रहती है। मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाया गया स्मृति चिन्ह भेंट किया।




मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएएस अधिकारियों और राजनेताओं का जीवन बहुत कुछ एक जैसा होता है। दोनों का उद्देश्य जनसेवा ही रहता है। आईएएस अधिकारी के रूप में आप हमेशा व्यस्त रहते हैं, अपने घर पर भी समय नहीं दे पाते। आईएएस अधिकारी इस सेवा में आने के लिए विशेष पढ़ाई करते हैं। आप सभी बुद्धिजीवी हैं लेकिन समाज से ही आते हैं। हम सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। हमारा कर्तव्य राज्य की 3 करोड़ जनता की सेवा करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में अपने कार्य के द्वारा अपनी पहचान बनाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। आप अपने कार्यक्षेत्र में ऐसा काम करें कि आपके जाने के बाद भी लोग आपको याद करें । जनता के मन में आपकी स्मृति ऐसी हो कि उन्हें लगे कि वे अधिकारी बहुत अच्छे थे, वे सभी की सुनते थे और समस्याओं का त्वरित निराकरण करते थे। हमें टीम भावना से मिल कर कार्य करना है । छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में खड़ा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। हमारी बहुत अच्छी टीम है । आशा है कि हम प्रदेश को बहुत आगे ले जाएंगे।इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिरीक्षक अशोक जुनेजा, छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पिंगुआ, सचिव आर प्रसन्ना सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# राज्य के चार शहरों में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

**रायपुर, 13 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और कोरबा से जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। चारों शहरों के लिए पहले चरण में 240 ई-बसों की मंजूरी मिली है। केंद्र ने छत्तीसगढ़ के लिए पीएम-ई-बस सेवा योजना की पहली किस्त में 30.19 करोड़ रुपये दिए हैं। इस राशि से ई-बसों के लिए बिजली और डिपो अवसंरचना विकसित की जाएगी। इसमें ई-बसों के लिए सबस्टेशन, बुनियादी ढांचे, मल्टीमॉडल इंटरचेंज,



चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और एनसीएमसी-आधारित स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली जैसी सुविधाएं मिलेंगी। आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने यह जानकारी दी। देश के 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10,000 इलेक्ट्रिक बसों के लिए पीएम-ई-बस सेवा योजना की शुरुआत हो चुकी है। गुरुवार को आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने इसकी स्थिति का जायजा लिया। आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा, यह महत्वाकांक्षी परियोजना छत्तीसगढ़ की अधिक उपयोगी और कुशल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत, चारों शहरों के लिए 240 ई-बसों को मंजूरी दी गई है।

# कांग्रेस पार्टी का संस्कार आरोपियों को बचानाः तोखन

**रायपुर, 13 सितंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोयला लेवी घोटाले के आरोपी कारोबारी सूर्यकांत तिवारी से मिलने केंद्रीय जेल जाने पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का संस्कार रहा है आरोपियों को बचाना, भ्रष्टाचारियों को बचाना, जो देश विरोधी काम करते हैं उनके पक्ष में खड़ा होना. कांग्रेस का कोई भी नेता हो उनकी संस्कृति है.



छत्तीसगढ़ सरकार के केंजा नक्सली मनवा माटा अभियान पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने सात राज्यों को लेकर मीटिंग की है. भारतीय जनता पार्टी सरकार का संकल्प है. आने वाले 2 साल के भीतर हमरा छत्तीसगढ़ नक्सली मुक्त हो. नक्सल पीड़ित व्यक्तियों के साथ हम सभी लोगों को खड़ा होना चाहिए, सरकार की यही मंशा है, इसलिए अलग-अलग कदम उठाए जा रहे हैं. ई बस को लेकर बड़ी सौगात पर तोखन साहू ने कहा कि अर्बन ट्रांसपोर्ट एक बड़ी चुनौती है. बिलासपुर, रायपुर और भिलाई के लिए प्रधानमंत्री ई-बस सेवा प्रारंभ की जा रही है, उसके लिए फंड भी जारी कर लिए हैं. इसका लाभ भी आम जनता को मिलेगा. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के फ्लाईओवर की सहमति दिए जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बहुत सारे निर्माण कार्य होने हैं. 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है. हर सेक्टर में काम के लिए नीव रखी जा चुकी है. पीएम आवास को लेकर 15 तारीख को होने वाले बड़ा आयोजन पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में 3 करोड़ पीएम आवास को स्वीकृति मिल गई है. हर व्यक्ति का सपना होता है कि उनके सिर पर छत हो. गरीब परिवारों को बड़ी सौगात मिलने वाला है. भूपेश सरकार ने 5 साल तक पीएम आवास को रोक कर रखा था.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26